दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471



# अमन लेखनी



पंजाबी फिल्म में हीरो........ | 30 साल बाद रजनीकांत के साथ .......

वर्ष : 11 | अंक : 242 | लखनऊ, 22 अगस्त, शुक्रवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# कांग्रेस के युवा नेताओं से घबरा गए हैं राहुल गांधी : पीएम मोदी

राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, गुरुवार को लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के बाद, अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने कक्ष में एक अनौपचारिक चाय पार्टी का आयोजन किया, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, वरिष्ठ मंत्री अमित शाह और राजनाथ सिंह, तथा एनडीए के सहयोगी दलों के सदन के नेता शामिल हुए। पिछले सत्र की तरह, विपक्ष के नेताओं ने इस बैठक से दूर रहने का फैसला किया, जिससे एक बार फिर उनकी अनुपस्थिति दर्ज की गई। सूत्रों के अनुसार, पीएम मोदी ने इस दौरान कहा कि विपक्ष, खासकर कांग्रेस में, कई युवा नेता बेहद प्रतिभाशाली हैं, लेकिन पारिवारिक असुरक्षा के कारण उन्हें बोलने का मौका नहीं मिलता।

सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी ने आगे कहा कि ऐसे युवा नेताओं की मौजूदगी से राहुल गांधी असुरक्षित और घबराए हुए महसूस कर रहे होंगे। उपस्थित लोगों के अनुसार, प्रधानमंत्री ने सत्र को एक उत्पादक सत्र बताया और कहा कि कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए। इनमें से, उन्होंने ऑनलाइन गेमिंग विधेयक पर विशेष जोर दिया और इसके दूरगामी परिणामों और नागरिकों के जीवन पर इसके प्रत्यक्ष प्रभाव को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दों पर वर्तमान में जितनी गंभीरता से राजनीतिक चर्चा होती है, उससे कहीं अधिक गंभीरता से विचार-विमर्श की आवश्यकता है।

सूत्रों ने बताया कि प्रधानमंत्री ने प्रमुख विधेयकों पर बहस से दूर रहने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा, ₹वे केवल व्यवधान पैदा करने में लगे रहे।₹ संसद ने 20 अगस्त को ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 पारित किया, जो ऑनलाइन मनी गेमिंग कंपनियों, उनके प्रवर्तकों और यहाँ तक कि उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के लिए कड़े नियम और दंड का प्रावधान करता है। यह विधेयक पैसे पर आधारित ऑनलाइन खेलों पर प्रतिबंध लगाकर और अपराधियों के लिए कठोर दंड निर्धारित करके तेजी से बढ़ते लेकिन विवादास्पद ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र को विनियमित करने का प्रयास करता है।

## असम में आईआईएम से शिक्षा की बुनियादी अवसंरचना मजबूत होगीः प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि असम में भारतीय प्रबंध संस्थान ( आईआईएम ) की स्थापना से शिक्षा की बुनियादी अवसंरचना मजबूत होगी और पूरे भारत से छात्र तथा शोधकर्ता यहां आएंगे। संसद द्वारा इसकी स्थापना के प्रावधान वाले विधेयक को मंजूरी दिए जाने के बाद मोदी ने यह बात कही। देश का 22वां आईआईएम गुवाहाटी में 555 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि नए संस्थान में मौजूदा शैक्षणिक वर्ष से ही छात्रों को प्रवेश देना शुरू होगा। मोदी ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ण पर एक पोस्ट में असम के लोगों को बधाई दी।

# जम्मू-कश्मीर सड़क हादसे पर CM योगी ने जताया दुख, अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ । जम्मू-कश्मीर में हुए एक दुखद सड़क हादसे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुख व्यक्त किया है। सीएम योगी ने हादसे में मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जम्मू-कश्मीर सरकार के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर हादसे से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान करें।



### कठुआ में सड़क हादसा, एक की मौत, 40 घायल

जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हुआ। अमरोहा से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए जा रही एक बस जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर जटवाल गांव के निकट अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में एक यात्री की जान चली गई, जबकि लगभग 40 अन्य लोग घायल हो गए।

### चालक के वाहन पर नियंत्रण खोने से हुआ हादसा

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, बस का टायर फटने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे बस एक पुल से लगभग 30 फीट नीचे खाई में जा गिरी। हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत और बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। यात्रियों ने बताया कि वे अमरोहा से माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुए थे, लेकिन इस दुखद हादसे ने उनकी यात्रा को त्रासदी में बदल दिया।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 82,530.74

निफटी 25,062.10

# उत्तर प्रदेश में 16 सितंबर से किसान पंजीकरण अभियान शुरू होगा

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को कहा कि वह 100 प्रतिशत किसान पंजीकरण के लक्ष्य को हासिल करने के लिए 16 सितंबर से राज्यव्यापी अभियान शुरू करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों पर अमल करते हुए जिला मजिस्ट्रेट अभियान की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा करेंगे। सरकार ने कहा कि राजस्व विभाग को राजस्व अधिकारियों को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी करने का निर्देश दिया गया है ताकि भूमि स्वामित्व रिकॉर्ड में आधार के अनुरूप सुधार सुनिश्चित किया जा सके। सरकार ने 2.88 करोड़ से अधिक किसानों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा है। अब तक लगभग 1.45 करोड़ किसान - लक्ष्य के 50 प्रतिशत से अधिक - पंजीकृत हो चुके हैं। सरकार ने एक बयान में कहा, बिजनौर 58 प्रतिशत से अधिक पंजीकरण के साथ राज्य में सबसे आगे है, इसके बाद हरदोई (57.84 प्रतिशत), श्रावस्ती (57.47 प्रतिशत), पीलीभीत (56.89 प्रतिशत) और रामपुर (56.72 प्रतिशत) हैं। ये किसान पंजीकरण के मामले में शीर्ष पांच जिलों में शामिल हैं। बयान में कहा गया है, ह्यह्यजो किसान पंजीकरण प्रक्रिया में अभी तक शामिल नहीं हुए हैं उनके प्रमाण-पत्रों का सत्यापन क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा किया जा रहा है।

# राज्यसभा में पेश हुआ गिरफ्तार PM-CM को हटाने वाला बिल

## संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पारित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, राज्यसभा ने गुरुवार को संविधान (एक सौ तीसवाँ संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 को एक संयुक्त समिति को भेजने पर सहमति व्यक्त की, जिसमें 21 लोकसभा सदस्य और 10 राज्यसभा सदस्य शामिल होंगे, जिन्हें क्रमशः अध्यक्ष और उपसभापति द्वारा नामित किया जाएगा। समिति को संसद के शीतकालीन सत्र के पहले सप्ताह के अंतिम दिन अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष की लगातार नारेबाजी और हंगामे के बीच उच्च सदन में प्रस्ताव रखा कि तीनों विधेयकों को एक संयुक्त समिति को भेजा जाए। प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इससे पहले, गृह मंत्री अमित शाह ने भारत के संविधान में और संशोधन करने के लिए संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में संशोधन करने वाले विधेयक के अलावा केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025 को लोकसभा में पेश किया था।

संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025, भ्रष्टाचार या गंभीर अपराधों के आरोपों का सामना कर रहे और कम से कम 30 दिनों तक हिरासत में रहे किसी केंद्रीय या राज्य मंत्री को पद से हटाने का प्रावधान करता है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में यह विधेयक पेश किया। जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025, जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 की धारा 54 में संशोधन करने का प्रस्ताव करता है ताकि गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तारी या हिरासत में लिए जाने की स्थिति में मुख्यमंत्री या मंत्री को पद से हटाने के लिए एक कानूनी ढांचा प्रदान किया जा सके।

विपक्षी नेताओं ने विधेयक में प्रस्तावित संशोधनों को ₹कठोर₹ और ₹असंवैधानिक₹ करार दिया है। विपक्षी सांसदों ने लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर तीनों विधेयकों की प्रतियां फाड़कर फेंकी। इन विधेयकों में भ्रष्टाचार या गंभीर अपराधों के आरोपों का सामना कर रहे और लगातार 30 दिनों तक हिरासत में रहे प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है।

**संक्षिप्त समाचार**

## लिपुलेख पर नेपाल का दावा न तो उचित है, न ही ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है : विदेश मंत्रालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत ने लिपलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के उसके और चीन के फैसले पर नेपाल की आपत्ति को बुधवार को स्पष्ट रूप से खारिज करते हुए कहा कि इस क्षेत्र पर काठमांडू का दावा उचित नहीं है। भारत और चीन ने मंगलवार को लिपुलेख दर्रे और दो अन्य व्यापारिक दर्रों के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने पर सहमति व्यक्त की। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने लिपुलेख दर्रे के माध्यम से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने के इस कदम पर बुधवार को आपत्ति जताते हुए कहा था कि यह क्षेत्र नेपाल का अविभाज्य हिस्सा है। नेपाल ने 2020 में एक राजनीतिक मानचित्र जारी करके एक सीमा विवाद पैदा कर दिया था जिसमें कालापानी, लिंपियाधुरा और लिपुलेख को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया था। भारत ने इन दावों का कड़ा खंडन किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नेपाल के इस क्षेत्र पर दावों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, हमने लिपुलेख दर्रे के माध्यम से भारत और चीन के बीच सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने से संबंधित नेपाल के विदेश मंत्रालय की टिप्पणियों पर गौर किया है। जायसवाल ने कहा, इस संबंध में हमारी स्थिति सुसंगत और स्पष्ट रही है। लिपुलेख दर्रे के जरिए भारत और चीन के बीच सीमा व्यापार 1954 में शुरू हुआ था और दशकों तक जारी रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में कोविड-19 और अन्य घटनाओं के कारण यह व्यापार बाधित हुआ था। अब दोनों पक्ष इसे फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, क्षेत्रीय दावों के संबंध में हमारा मानना है कि ऐसे दावे न तो उचित हैं और न ही ऐतिहासिक तथ्यों तथा साक्ष्यों पर आधारित हैं।

# हर शादी में कुछ न कुछ झगड़े होते हैं, अलग रहना है तो शादी न करें, सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, विवाह और निर्भरता पर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जोर देकर कहा कि विवाह के दौरान पति या पत्नी के लिए पूर्ण स्वतंत्रता का दावा करना असंभव है। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने आगाह किया कि जो लोग एक-दूसरे पर निर्भर रहने को तैयार नहीं हैं, उन्हें विवाह के बंधन में बंधना ही नहीं चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कार्यवाही के दौरान कहा कि विवाह का अर्थ है दो आत्माओं, दो व्यक्तियों का मिलन। कोई भी पति या पत्नी यह नहीं कह सकता कि मैं अपने जीवनसाथी से पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहता हूँ।

ये टिप्पणियाँ एक अलग रह रहे दंपति और उनके दो नाबालिग बच्चों से जुड़े विवाद की सुनवाई के दौरान आईं। पति, जो सिंगापुर में काम करता है, वर्तमान में भारत में है, जबकि पत्नी हैदराबाद में रहती है। पीठ ने बच्चों के लिए चिंता व्यक्त करते हुए जोर दिया, अगर वे साथ आ जाते हैं, तो हमें खुशी होगी क्योंकि बच्चे बहुत छोटे हैं। उनका क्या कसूर है कि उन्हें टूटे हुए घर का सामना करना पड़े ? वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश हुई पत्नी ने दलील दी कि उसके पति की दिलचस्पी सिर्फ.हिरासत और मुलाकात में है, सुलह में नहीं। उसने यह भी दावा किया कि उसे कोई गुजारा भत्ता नहीं मिला है, जिससे एक अकेली माँ के तौर पर उसका जीवन मुश्किल हो गया है।

पीठ ने पत्नी से पूछा कि वह सिंगापुर क्यों नहीं लौट सकती, जहाँ कभी उसकी और उसके पति की सबसे अच्छी नौकरियाँ थीं। उसने जवाब दिया कि उसके पति के पिछले कामों के कारण उसके लिए वापस जाना लगभग नामुमकिन हो गया है। उसने अपनी आजीविका के लिए काम करने की जरूरत पर भी जोर दिया। जब पत्नी ने जोर देकर कहा कि वह किसी पर निर्भर नहीं रहना चाहती, तो न्यायमूर्ति नागरत्ना ने बीच में ही कहा, ₹आप ऐसा नहीं कह सकतीं। एक बार शादी हो जाने के बाद, आप आर्थिक रूप से नहीं तो भावनात्मक रूप से अपने जीवनसाथी पर निर्भर हो ही जाती हैं।

## संविधान संशोधन विधेयक लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कदम, पुनर्विचार करे सरकार : मायावती

संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने बृहस्पतिवार को 130वें संविधान संशोधन विधेयक को लोकतंत्र को कमजोर करने वाला कदम करार देते हुए केन्द्र सरकार से इसपर पुनर्विचार का आग्रह किया।

मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केन्द्र सरकार द्वारा कल (बुधवार को) संसद में, भारी हंगामे के बीच लाया गया 130वां संविधान संशोधन विधेयक देश में पिछले कुछ वर्षों से जारी राजनैतिक हालात में यह स्पष्टतः लोकतंत्र को कमजोर करने वाला लगता है और सत्ताधारी पार्टियां अपने-अपने लाभ, स्वार्थ व द्वेष में ज्यादातर इसका दुरुपयोग ही करेंगी, ऐसी जनता को आशंका है। उन्होंने कहा, अतः इस विधेयक से हमारी पार्टी कतई भी सहमत नहीं है। सरकार देश के लोकतंत्र एवं संविधान के हित में इसपर जरूर पुनर्विचार करे।ह्व संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 में प्रधानमंत्री, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को गंभीर अपराध के आरोपों में पद से हटाने का प्रावधान है। इस विधेयक का विपक्षी सदस्यों ने तीखा विरोध किया और प्रस्तावित कानून को संविधान व संघवाद की भावना के विरुद्ध बताया।

# INDIA ब्लॉक के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार से केजरीवाल ने की मुलाकात

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी सुदर्शन रेड्डी से उनके दिल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की। केजरीवाल ने कहा कि वह रेड्डी को इस हाई-प्रोफाइल चुनाव में जीत दिलाने की पूरी कोशिश करेंगे। केजरीवाल के साथ कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी और सैयद नसीर हुसैन, तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी भी मौजूद थे, जिन्होंने रेड्डी के साथ एक तस्वीर खिंचवाई। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री की रेड्डी से मुलाकात विपक्षी उम्मीदवार के रूप में सत्तारूढ़ एनडीए द्वारा उपराष्ट्रपति पद के लिए उतारे गए सी.पी. राधाकृष्णन के खिलाफ होने वाली है। यह मुलाकात उनकी पार्टी के महागठबंधन से बाहर होने के कुछ महीने बाद हुई है।

यह बैठक आप द्वारा रेड्डी को समर्थन देने की घोषणा के ठीक दो दिन बाद हुई। केजरीवाल ने बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा किजस्टिस रेड्डी, जो विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं, अअढ उनका समर्थन करती है। हमने देश के मौजूदा हालात पर चर्चा की। अन्य विपक्षी दलों के नेता भी आए। हमने चुनावी रणनीतियों पर भी चर्चा की। हम जस्टिस रेड्डी को जिताने की कोशिश करेंगे। आप प्रमुख ने कहा कि यह चुनाव गुप्त मतदान द्वारा होता है। इसमें कोई व्हिप नहीं होता, इसलिए मैं सभी दलों से कहना चाहता हूँ कि एक न्यायाधीश के रूप में उनका करियर प्रभावशाली रहा है। जब उन्होंने बिना किसी डर के बड़े फैसले लिए, तो ऐसे व्यक्ति से आसन का सम्मान बढ़ेगा। इसलिए मैं कहूँगा कि वह देश के उम्मीदवार हैं।

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश ने अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद भी दिया। रेड्डी ने कहा कल अरविंद केजरीवाल ने नामांकन के समय मेरी उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए संजय सिंह को भेजा था। मैं उनका आभारी हूँ। मैं यहाँ मेरी उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए उनके आभार व्यक्त करने आया हूँ। इंडिया ब्लॉक ने मंगलवार को आधिकारिक तौर पर रेड्डी को 9 सितंबर को होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया। यह घोषणा करते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आगामी उपराष्ट्रपति चुनाव एक वैचारिक लड़ाई है।

# कर्नाटक में भारी बारिश से कृष्णा नदी बेसिन में बाढ़ का खतरा, प्रशासन ने चेतावनी जारी की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, कृष्णा नदी बेसिन के आसपास लगातार हो रही बारिश के कारण क्षेत्र में बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है, जिससे अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन को अलर्ट जारी करना पड़ा है। दोनों जिला प्रशासनों ने देखभाल केंद्र स्थापित किए हैं और प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया है। अलमट्टी बाँध से 2.5 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। कृष्णा भाग्य जल निगम लिमिटेड, अलमट्टी बाँध के सूत्रों ने बताया कि बुधवार शाम 6 बजे पानी का औसत प्रवाह 1.6 लाख क्यूसेक था और वर्तमान बहिर्वाह 2.5 लाख क्यूसेक था।

अधिकारियों के अनुसार, महाराष्ट्र से भारी मात्रा में पानी आने के कारण कृष्णा नदी का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने यह भी बताया कि लगातार बारिश और महाराष्ट्र से भारी पानी आने के कारण बसवा सागर जलाशय, जिसे नारायणपुर बांध भी कहा जाता है, के सभी 30 गेट खोल दिए गए हैं।

अधिकारियों ने बसवा सागर जलाशय से 1.60 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा है, जिससे सड़क संपर्क बाधित हो गया है और शीलहल्ली पुल डूब गया है। शीलहल्ली हंचिनाल पुल भी डूब गया है, जिससे कद्दारागड्डी, यारिगोडी और हंचिनाल जैसे गाँवों का संपर्क टूट गया है। कृष्णा नदी के साथ-साथ भीमा नदी भी भारी बारिश के कारण खतरे के निशान के पास बह रही है। इसके अलावा, मलप्रभा नदी बेसिन में भी भारी बारिश हुई है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ गई है।

### अगले 7 दिनों तक भारी बारिश जारी रहने की संभावना

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, अगले सात दिनों तक पूरे कर्नाटक में, खासकर तटीय और उत्तरी आंतरिक जिलों में, व्यापक बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि 26 अगस्त को दक्षिण कन्नड़, उडुपी और उत्तर कन्नड़ जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इसके अलावा, बीदर, कलबुर्गी और यादगीर में भी गरज के साथ बारिश और तेज हवाएँ चलने की संभावना है।

### बेंगलुरु में अगले 48 घंटों में हल्की बारिश

मौसम विभाग ने बेंगलुरु में अगले 48 घंटों तक बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश की भविष्यवाणी की है। हवाएँ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ़्तार से चल सकती हैं, जबकि अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 27-28 डिग्री सेल्सियस और 19-20 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

# उत्तर प्रदेश सरकार ने कोर्ट में कहा- एक से दूसरे स्कूल के बीच एक किमी से अधिक की दूरी पर नहीं होगी पेयरिंग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में गुरूवार को स्कूलों की पेयरिंग के मामले में सुनवाई हुई। कोर्ट ने सीतापुर में स्कूलों की पेयरिंग पर अगली सुनवाई तक यथास्थिति बरकरार रखने के आदेश दिए हैं।इस प्रकरण पर अगली सुनवाई एक सितंबर को होगी।

राज्य सरकार की ओर से सुनवाई के दौरान न्यायालय को अवगत कराया गया है कि एक किलोमीटर से कम दूरी वाले तथा जिन स्कूलों में 50 से अधिक बच्चे हैं, उनकी पेयरिंग नहीं की जाएगी। इस पर मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली व न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने सरकार को इस सम्बंध में पारित आदेश को रिकॉर्ड पर लाने का आदेश दिया है। मामले की अगली सुनवाई एक सितंबर को होगी।

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों के विलय (पेयरिंग) के प्रकरण में गुरुवार को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में सुनवाई हुई। इससे पहले 24 जुलाई को हाई कोर्ट ने विलय प्रक्रिया में सामने आई अनियमितताओं को देखते हुए सीतापुर जिले में स्कूलों के विलय पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था। पिछली सुनवाई में कोर्ट के सामने कुछ दस्तावेजों में गड़बड़ियां सामने आई थीं। बेसिक शिक्षा विभाग ने इस पर जवाब देने के लिए समय मांगा था। इसी आधार पर अदालत ने फिलहाल सीतापुर में स्कूलों के विलय पर रोक लगाते हुए यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया था। यह मामला सबसे पहले सीतापुर जिले के पांच बच्चों की दायर की गई अपील से शुरू हुआ। इसके बाद 17 अन्य बच्चों ने भी अपने अभिभावकों के माध्यम से अपील की।

# मुख्यमंत्री से राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने की मुलाकात

## गौशाला प्रबंधन को लेकर रखे सुझाव

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आज लखनऊ स्थित उनके सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लखनऊ के निदेशक डॉ. प्रवीण सिंह जादौन ने शिष्टाचार भेंट की।इस अवसर पर मुख्यमंत्री को सुझाव पत्र प्रस्तुत किया, जिसमें उत्तर प्रदेश में संचालित गौशालाओं का संचालन सहकारी समितियों( बी पैक्स )के माध्यम से कराने का प्रस्ताव रखा गया। उन्होंने तर्क दिया कि यदि गौशालाओं का प्रबंधन सहकारी समितियों (बी पैक्स)को सौंपा जाए, तो इससे न केवल सहकारिता आंदोलन को नई गति मिलेगी बल्कि किसानों और ग्रामीण महिलाओं को भी बहुआयामी लाभ प्राप्त होंगे।डॉ. जादौन ने बताया कि सहकारी समितियाँ गाँव-गाँव तक जमीनी स्तर पर सक्रिय हैं और ग्रामीण समाज से गहराई से जुड़ी हुई हैं। यदि गौशालाएँ इनके माध्यम से संचालित होंगी तो समिति स्तर पर रोजगार और आय के नए अवसर सृजित होंगे।साथ ही, गाय के गोबर से प्राकृतिक खाद तैयार की जा सकेगी, जिससे किसानों को आसानी से सस्ती और गुणवत्तापूर्ण जैविक खाद उपलब्ध होगी। यह न केवल खेती को टिकाऊ बनाएगा बल्कि मिट्टी की उर्वरता को भी बढ़ाएगा। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण महिलाओं को सहकारी समितियों के सहयोग से गोबर आधारित विभिन्न उत्पादों (जैसे अगरबत्ती, दीपक, खाद के पैलेट, ऊर्जा ब्रिकेट्स आदि) के निर्माण का अवसर मिलेगा।इससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा। इससे गौ-संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण समाज को भी सीधा लाभ मिलेगा सहकारिता आंदोलन से जुड़ा यह नया दृष्टिकोण न केवल किसानों और ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है, बल्कि ₹आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश₹ और ₹आत्मनिर्भर भारत₹ की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण योगदान साबित होगा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश आलू विपणन सहकारी संघ के अध्यक्ष विमल कटियार ने मुख्यमंत्री से आलू उत्पादक किसानों की समस्याओं और विपणन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। कटियार ने आलू किसानों को उचित मूल्य दिलाने और विपणन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने संबंधी सुझाव मुख्यमंत्री के समक्ष रखे।

# टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई

अमन लेखनी समाचार



क्षतिग्रस्त कार फोटो

लखनऊ।हरदोई-लखनऊ राजमार्ग पर बृहस्पतिवार शाम एक कार हादसे का शिकार हो गई। यह हादसा रहीमाबाद थाना क्षेत्र के बंजारन खेड़ा ओवरब्रिज अंडरपास के ऊपर हुआ।

लखनऊ के मडियांव थाना आई एम रोड निवासी अतुल अग्निहोत्री अपने एक साथी के साथ हरदोई से लखनऊ जा रहे थे।रास्ते में उनकी कार का टायर अचानक फट गया। इससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक अतुल को हल्की चोटें आईं, जबकि उनका साथी बाल-बाल बच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल चालक को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। चिकित्सकों के अनुसार चालक की स्थिति अब सामान्य है।

# भाकियू लोकतांत्रिक नें सर्किल रेट व मुआवजा को लेकर दिया धरना

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ।काकोरी में एलडीए की उद्योग नगर योजना के तहत अधिग्रहित किए जा रहे गांवों के किसानों ने सर्किल रेट बढ़ाने ,उचित मुआवजा व किसानों की सहमति पर जमीन का अधिग्रहण समेत कई मांगों को लेकर किसानों ने भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया। धरना में एलडीए के अधिकारी भी मौजूद रहे ।एसडीएम एलडीए को किसानों ने मांग पत्र सौंपा ।

एलडीए ने प्रस्तावित उद्योग नगर योजना के तहत काकोरी के 12 गांवों में जमीन के अधिग्रहण करने की घोषणा की ।जमीन के अधिग्रहण के लिए एलडीए के अधिकारी किसानों से पंचायत भी कर रहे है ।लेकिन अभी सर्किल रेट बढ़ाने व उचित मुआवजा की मांग को लेकर किसानों में मतभेद है। जिससे किसानों में आक्रोश है। गुरुवार को आगरा एक्सप्रेस वे की जीरो पॉइंट के पास भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के नेतृत्व में किसानों ने मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया ।धरना में किसानों की सर्किल रेट बढ़ाए जाने ,उचित मुआवजा व बिना किसानों की सहमति के जमीन अधिग्रहण न किया जाए समेत कई मांगों को भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक ने उठाया। धरना में एलडीए के कई अधिकारीगण भी मौजूद रहे। यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजा राम लोधी , राकेश अवस्थी ,अभिषेक यादव ,सुरेन्द्र यादव ,जिला अध्यक्ष अतुल कुमार समेत कई नेताओं ने एलडीए के अधिकारियों से मांग की किसानों के साथ जो भी बैठक हो उसके लिए गांवों में मुनादी करके किसानों को पूर्व से ही सूचित किया जाए। जिससे किसानों व एलडीए के बीच स्पष्ट बातचीत हो सके। मतभेद भी दूर हो। यूनियन ने अधिकारियों से सभी किसानों के साथ समान व निष्पक्ष व्यवहार किए जाने की भी मांग की । धरना प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने बताया कि एलडीए के एसडीएम को मांग पत्र सौंपा गया ।प्रदर्शन में राजन लोधी ,विकास यादव ,विनीत सिंह समेत पदाधिकारियों समेत दर्जनों गांवों के किसान सहित हजारों लोग मौजूद रहे ।

# जमीन कब्जे को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत, महिला लहूलुहान

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज।जमीन कब्जे को लेकर दो पक्षों में जमकर विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ा कि विपक्षी पक्ष ने पीड़ित की पत्नी को लाठियों-डंडों से बेरहमी से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।नगराम थाना क्षेत्र के धोबइया मजरा कमलापुर में पीड़ित राजेन्द्र कुमार पुत्र स्वर्गीय मथुरा ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि विपक्षी सुरेन्द्र पुत्र स्व. मथुरा और राकेश पुत्र सूबेदार जबरन उसके घर के पीछे स्थित जमीन पर कब्जा करने लगे जब उनकी पत्नी शशि देवी ने इसका विरोध किया तो विपक्षियों ने गाली-गलौज करते हुए लाठियों से हमला कर दिया हमले में शशि देवी गंभीर रूप से घायल होकर खून से लथपथ जमीन पर गिर पड़ीं घटना के वक्त घायल की बेटी ने 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी लेकिन पीड़ित पक्ष का आरोप है कि मौके पर पहुंची पुलिस बिना कोई कार्रवाई किए वापस लौट गई इसके बाद घायल महिला शशि देवी को परिजन सुबह से ही थाने में लेकर बैठे रहे परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उनकी तहरीर लेने के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया और महिला को थाने पर ही बैठाए रखा इस दौरान उनकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई हालत गंभीर होने पर आनन-फानन में पुलिस ने उन्हें मोहनलालगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है राजेन्द्र कुमार ने बताया कि विपक्षियों ने न सिर्फ उसकी पत्नी पर हमला किया बल्कि उसे व परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी इस घटना के बाद से पूरे परिवार में दहशत का माहौल है ।

इस संबंध में कार्यवाहक थाना प्रभारी नाजिम ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, पुलिस मामले की जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस की लापरवाही से पीड़िता की हालत नाजुक मोहनलालगंज के सीएचसी में भर्ती....

# मजदूर को पीट-पीट के मौत के घाट उतारने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा आरोपी फरार

अमन लेखनी समाचार




सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुई मजदूर की पिटाई से मौत के मामले में पुलिस ने गुरुवार को घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुख्य आरोपी मनीष रावत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि उसका भाई रंजीत अभी फरार है। पुलिस के मुताबिक बंथरा के सराय शहजादी निवासी सुशीला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका पति प्रदीप (25) मंगलवार दोपहर करीब दो बजे बाइक का पंचर बनवाने घर से कुछ दूर कानपुर रोड स्थित कटी बगिया चौराहे पर गया था। वहां किसी बात को लेकर विवाद हुआ और चार युवकों ने मिलकर उसके पति को लाठी-डंडों, लोहे की रॉड और घूंसों से बेरहमी से पीटा। गंभीर चोट लगने के बाद प्रदीप किसी तरह घर लौटा और पत्नी को घटना की जानकारी दी, लेकिन थोड़ी ही देर बाद वह बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन उसे पास के निजी अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान देरशाम को उसकी मौत हो गई। सुशीला ने इस मामले में अंकित, अमित, रवि और मनीष नामक चार लोगों को नामजद किया था।शुरूआती जांच में पुलिस ने चारों को हिरासत में लिया और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।पुलिस पूछताछ और जांच में सामने आया कि प्रदीप की पिटाई में केवल मनीष रावत और उसका भाई रंजीत शामिल थे। जबकि अंकित, अमित और रवि का इस घटना से कोई संबंध नहीं पाया गया।पुलिस ने बताया कि मलिहाबाद के गुलाल खेड़ा निवासी मनीष कटी बगिया में रहकर वेल्डिंग की दुकान चलाता है। पुलिस पूछताछ में मनीष ने स्वीकार किया कि प्रदीप नशे की हालत में उसकी दुकान पर आया और गालियां देने लगा। रोकने पर हाथापाई हुई। इस दौरान मनीष ने प्रदीप को थप्पड़ मारे और सिर दीवार से टकरा दिया। वहीं खड़ा उसका भाई रंजीत लोहे की पाइप से वार करने लगा। इसके बाद जब प्रदीप वहाँ से जाने लगा तो मनीष ने लकड़ी की फन्टी से भी प्रदीप पर हमला किया और उसे भगा दिया। पुलिस ने बताया कि मनीष की निशानदेही पर पाइप और फन्टी बरामद कर गुरुवार को उसे जेल भेज दिया है, जबकि फरार चल रहे रंजीत की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# तेज रफ्तार रोडवेज बस ने मारी स्कूटी को टक्कर, शिक्षिका गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार

पीजीआई, लखनऊ। साउथ सिटी पेट्रोल पंप के पास रविवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। आशियाना स्थित छ.ढ.र स्कूल की शिक्षिका अचला पाल पत्नी राम प्रकाश पाल स्कूटी से घर लौट रही थीं। तभी पीछे से आ रही परिवहन निगम की बस ने तेज गति व लापरवाही से स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गईं। राहगीरों की मदद से उन्हें तुरंत एसजीपीजीआई ट्रॉमा सेंटर पहुँचाया गया, जहाँ कउव में उनका इलाज चल रहा है। घायल शिक्षिका के भाई मुकुल पाल पुत्र राजेन्द्र कुमार पाल ने पीजीआई थाने में तहरीर देते हुए परिवहन निगम की बस के चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

# हाईकोर्ट के आदेश की खुलेआम अवहेलना, नहीं लगा मीटर

## बिजली विभाग के अधिकारियों पर पीड़ित ने लगाया आरोप पीड़ित परिवार न्याय के लिए भटकने को मजबूर.....

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। हाईकोर्ट के आदेश को भी ठेंगा दिखा रहे बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगे हैं पीड़ित उदित द्विवेदी का कहना है कि उसने अपने परिसर के बेसमेंट में बिजली मीटर लगवाने के लिए आवेदन किया था विभागीय जांच-पड़ताल के बाद मीटर स्वीकृत भी कर दिया गया लेकिन स्थानीय नेताओं के दबाव और विपक्षियों के हस्तक्षेप के चलते मीटर आज तक नहीं लगाया जा सका इस बीच विपक्षियों ने सिविल कोर्ट से स्टे ऑर्डर भी ले लिया मामले को लेकर उदित द्विवेदी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय की शरण ली हाईकोर्ट ने बीते सात अगस्त को सुनवाई करते हुए अधिशाषी अभियंता के पूर्व आदेश को निरस्त कर दिया और स्पष्ट निर्देश दिया कि सिविल कोर्ट का स्टे ऑर्डर मीटर लगाने में बाधक नहीं माना जाएगा साथ ही न्यायालय ने विभाग को दो सप्ताह के भीतर मामले का निस्तारण करने का आदेश दिया।

इसके बावजूद बिजली विभाग ने हाईकोर्ट के आदेश की खुलेआम अवहेलना कर दी पीड़ित उदित द्विवेदी का कहना है कि बीते बारह अगस्त के बाद से लगातार अधिशाषी अभियंता व उपखंड अधिकारी समेसी पीड़ित व उसके परिवार को सिर्फ टालमटोल कर रहे हैं कभी आज कभी कल कहकर बेवकूफ बनाया जा रहा है पीड़ित ने बताया कि उसकी विधवा व बीमार मां को भी विभागीय लापरवाही और मनमानी का शिकार होना पड़ रहा है न्यायालय आदेश का पालन न होना सीधे-सीधे कानून व्यवस्था न्यायपालिका की अवमानना है ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने भी सवाल उठाया है कि जब हाईकोर्ट के आदेश की ऐसी अनदेखी हो रही है तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा वहीं पीड़ित ने उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है कि मामले में शीघ्र संज्ञान लेकर दोषी अधिकारियों व जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### एसडीओ ने झाड़ा अपना पल्ला उच्चाधिकारियों के ऊपर डाली जिम्मेदारी

इस संबंध में समेसी उपखंड अधिकारी अमित कोपले ने कहा कि यह मामला संवेदनशील है और उच्च न्यायालय के आदेश से जुड़ा हुआ है इस पर हम बिना उच्चाधिकारियों से राय लिए कोई निर्णय नहीं ले सकते उच्चाधिकारियों से मार्गदर्शन मिलने के बाद ही तय होगा कि मीटर लगना है या नहीं लगना है।

# सड़क के किनारे अतिक्रमण न फैलाने की दुकानदारों को दी चेतावनी

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज। मोहनलालगंज कस्बे में सोमवार को पुलिस-प्रशासन ने संयुक्त अभियान चलाकर सड़क पर फैले अतिक्रमण को हटवाया इस दौरान कस्बे में मुख्य मार्गों और बाजार क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध कब्जे व सामान सड़क पर रखने की शिकायत पर नगर पंचायत ईओ अंकिता व एसीपी रजनीश वर्मा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया अभियान में प्रभारी निरीक्षक दिलेश कुमार सिंह कस्बा चौकी प्रभारी अतुल सिंह पुलिस कर्मी विकास जायसवाल सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा अभियान के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने दुकानदारों को सड़क पर अतिक्रमण न करने की कड़ी चेतावनी दी अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में अतिक्रमण की शिकायत मिली तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी वही पुलिस ने ह्यसेफ राइड अभियानह्ण के तहत ऑटो चालकों व मालिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया चालकों को वाहन पंजीकरण लाइसेंस फिटनेस और यातायात नियमों का पालन करने की नसीहत दी गई प्रभारी निरीक्षक ने चेतावनी दी कि नियम तोड़ने वालों पर चालान और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी कस्बे के व्यापारियों ने भी अपनी परेशानियां सामने रखीं उनका कहना है कि यदि ग्राहक दुकान पर बाइक से आता है और पुलिस चालान कर देती है तो ग्राहक नाराज होकर दुकान पर आना ही बंद कर देगा ऐसे में व्यापार पर सीधा असर पड़ेगा व्यापारियों ने प्रशासन से इस मुद्दे पर संतुलित कार्रवाई करने की मांग की है इस पर प्रतिक्रिया देते हुए व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडेय सत्यम ने कहा कि कस्बे में हो रहे अतिक्रमण के लिए नगर पंचायत की टीम लगातार काम कर रही है जल्द ही जाम की समस्या से निजात मिलेगी। सड़क पर खड़े चारपहिया व दोपहिया वाहनों को भी व्यवस्थित ढंग से खड़ा कराया जाएगा ताकि आमजन को दिक्कत न हो पुलिस-प्रशासन की इस संयुक्त कार्रवाई से कस्बे के लोगों में हड़कंप मच गया वहीं आमजन ने अभियान का स्वागत करते हुए कहा कि इससे यातायात व्यवस्था सुधरेगी और सड़क हादसों में भी कमी आएगी।

# मां को वीडियो कॉल करके युवक ने लगाई फांसी

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ।बिजनौर थाना क्षेत्र में गुरुवार को एक युवक ने वीडियो कॉल पर अपनी मां से आत्महत्या करने की बात कह फांसी लगाकर जान दे दी।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनीनगर के आजाद नगर निवासी जगदीश पांडेय का बेटा पवन पांडेय (22) नादरगंज स्थित एक गैराज में काम करता था। उसका दोस्त शोएब भी वहीं काम करता था। कुछ दिन पहले शोएब का परिवार बिजनौर के शारदा नगर स्थित पीएम आवास में शिफ्ट हुआ था।शोएब अपने परिजनों संग बाहर चला गया था और घर की देखरेख के लिए चाबी पवन को दे गया था।पुलिस के मुताबिक गुरुवार दोपहर करीब 11 बजे पवन अचानक घर से निकला और शोएब के मकान पर पहुंचा। वहां से उसने अपनी मां को वीडियो कॉल की और कहा कि वह फांसी लगाने जा रहा है तथा अब कोई उसे नहीं बचा सकता। इतना कहकर उसने कॉल काट दी।परिजनों ने बार-बार फोन मिलाया, लेकिन पहले फोन रिसीव नहीं हुआ और बाद में स्विच ऑफ हो गया।घबराकर पवन का बड़ा भाई हिमांशु उर्फ गोलू शोएब के घर पहुंचा।दरवाजा अंदर से बंद होने पर उसने तोड़ा तो देखा कि पवन पंखे के हुक से रस्सी के सहारे फांसी पर लटका हुआ है। यह देखकर वह चीखने-चिल्लाने लगा और पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जा रहा है कि पवन नशे का आदी था और आए दिन नशे की हालत में परिजनों को परेशान करता था।करीब एक माह पहले वह घर से भागकर बिहार चला गया था और रक्षाबंधन पर लौटा था।मृतक के परिवार में पिता जगदीश, मां रीना, एक बड़ी बहन और भाई हिमांशु हैं। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक शिव शंकर महादेवन ने बताया कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है।मामले की जांच की जा रही है।

# डेयरी संचालक ने किशोरी से किया दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



आरोपी इस्लामू फोटो

लखनऊ।डेयरी संचालक ने 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म किया।विरोध पर उसे जमकर पीटा और फरार हो गया। पीड़िता के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा।

माल थाना क्षेत्र के जगती खेड़ा निवासी इस्लामू वह दूध डेयरी चलाता है। किशोरी के मुताबिक मंगलवार देर रात वह शौच के लिए निकली थी। इस बीच उसे इस्लामू मिला।उसने छेड़छाड़ की और हाथ पकड़कर जबरन बाग में खींच ले गया। किशोरी के विरोध पर पीटा और जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म किया।इसके बाद धमकाते हुए फरार हो गया। डरी सहमी किशोरी घर पहुंची उसने परिजनों को घटना की आप बीती बताई इसके बाद परिजन बुधवार को थाने पहुंचे आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया।

# जच्चा-बच्चा की मौत का कौन है जिम्मेदार? जिम्मेदार मौन

अमन लेखनी समाचार



निगोहां।निगोहां में जच्चा-बच्चा की हुई मौत कर प्रकरण में स्वास्थ्य विभाग सहित सभी जिम्मेदार चुप्पी साधे हुए है आखिर किसकी लापरवाही से प्रसूता की मौत हुई है?

अभी तक जांच सिर्फ जांच ही चल रही है पुलिस को मारपीट सहित इस मामले में दो तहरीर मिली है जिसको लेकर पुलिस असमंजस की स्थित में है और पुलिस विभाग के आलाधिकारी भी गंभीरता के साथ नजर बनाए हुए है। घटनाक्रम दयालपुर के मजरा परमेश्वरखेडा के मजदूर शैलेन्द्र कुमार की पत्नी प्रेमलता (26) की डिलवरी होनी थी शैलेन्द्र ने पत्नी को निगोहां कस्बा के एक निजी अस्पताल में बीती 18 अगस्त को दोपहर में भर्ती कराया गया था जहाँ मंगलवार देर रात महिला की तबियत बिगड़ने तब डॉक्टरों ने महिला को दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया था पति और अन्य लोग एम्बुलेंस से महिला दूसरे अस्पताल ले जा रहे थे जहां रास्ते में ही प्रसूता की मौत हो गयी थी इस मामले में मृतका के मायके पक्ष का आरोप था कि ससुराल वाले एम्बुलेंस को रास्ते मे ही काफी देर तक रुकवा कर अस्पताल का चयन करते रहे इस दौरान महिला की और तबियत बिगड़ती गई जिसके चलते उसकी मौत हो गयी और अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाने लगे वहीं मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालीजनों पर समय पर सही इलाज न कराने का आरोप लगाते हुये हंगामा करते हुए मारपीट शुरू कर दी थी इस मामले में निगोहां पुलिस की मृतका के मायके और ससुराल सहित तीन तहरीर मिली है जिस पर जांच चल रही है आखिरकार किसकी लापरवाही के चलते प्रसूता की मौत हुई है, सभी चुप्पी साधे हुए है।

## संक्षेप

### जूस के दुकानदार को दबंगो ने जमकर पीटा

बांगरमऊ, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के खंभौली अंडरपास के पास एक जूस विक्रेता से मारपीट का मामला सामने आया है। मटुकरी निवासी वसीम पुत्र जफर अली अपनी जूस की दुकान पर काम कर रहे थे। शाम 4 बजे खंभौली निवासी कटिन्ना अपने एक साथी के साथ दुकान पर आया। दोनों ने जूस पिया। जब वसीम ने पैसे मांगे तो दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद कटिन्ना के साथी ने फोन कर दो और लोगों को बुला लिया।चारों ने मिलकर वसीम पर लात-घूंसों और पत्थरों से हमला कर दिया। इस हमले में वसीम को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

### खेत पर काम कर रहे युवक को सर्प ने काटा, हालत गंभीर

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र में गुरुवार खेत पर काम कर रहे युवक को साप ने काट लिया जिसे गभींर हालत में मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मल्हीमऊ गांव निवासी अंकित गुरुवार की सुबह पिता जगदीश को खेत पर खाना देने गया था पिता खाना खाने लगा तो बेटा खेत पर काम करने लगा इसी बीच किसी का फोन आ गया जिस पर वह खेत से निकल कर बाहर आने लगा खेत की मोड पर पहुंचा ही था कि साप ने काट लिया थोड़ी देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी जिस पर मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर

सफीपुर, उन्नाव। प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता यशंवत सिंह 70 वर्ष की लंबी बीमारी के बाद लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई उन्होंने ने विकास खंड के बहमना गांव का सात बार प्रतिनिधि किया था वे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए जाने जाते थे उनके निधन की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों का उनके आवास पर आना जाना लग गया निधन की खबर सुनते ही भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर सपा के पूर्व राज्यमंत्री सुधीर कुमार रावत जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह नगर पंचायत सफीपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई उर्फ राजा बेटा पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह भाजपा नेता ज्ञानेंद्र सिंह जिला पंचायत सदस्य दिलीप कुमार उर्फ गुड्डू मिश्रा वीर प्रताप सिंह जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह चंदेल पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुभाष सिंह सपा नेता जितेंद्र कुमार रावत पूर्व ब्लाक प्रमुख मियागंज आकाश भारती बसपा नेता राजेंद्र गौतम समेत हजारों की संख्या में लोग उनके पैतृक गांव बहमना के आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की

# बिजली बिल व खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। भारतीय किसान यूनियन आराजनैतिक (टिकैत) के कार्यकताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उठाया और समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। किसान नेता चंद्रमोहन, नरेंद्र रावत और बिन्दा प्रसाद ने बिजली बिल की समस्या उठाई। उन्होंने बताया कि घरेलू और कृषि बिजली के बिल अत्यधिक आ रहे हैं। कई बार वर्षों बाद एक साथ बिल भेजे जाते हैं। किसानों ने हर घर में मीटर लगाने और मासिक बिल भेजने की मांग की। वर्तमान में खाद की भारी कमी से धान और खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है। किसान खेतों में काम नहीं कर पा रहे हैं। जिलाधिकारी से तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की गई है।बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति भी चिंताजनक है। कई गांवों में अभी तक खाद्य सामग्री, दवाइयां और नाव जैसी आवश्यक सुविधाएं नहीं पहुंची हैं। सिकंदरपुर सरोसी ब्लॉक के भदौना गांव में बारिश और बाढ़ से कई घर ढह गए हैं। उमाशंकर और देवेन्द्र जैसे कई परिवार पलायन को मजबूर हैं।आवारा पशुओं की समस्या भी गंभीर है। जिले के सभी ब्लॉकों में अन्ना जानवर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों ने इन पशुओं को गौशालाओं में भेजने की मांग की है। भाकियू नेताओं ने कहा कि किसान पहले से ही मौसम और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे हैं। यदि प्रशासन और सरकार किसानों की समस्याओं पर संवेदनशील नहीं हुई तो किसान बड़े पैमाने पर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बाग के अंदर पड़ा मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव चिलौली में पूर्व प्रधान देशराज पाल के बाग में 48 वर्षीय युवक का शव मिला सूचना पर पंहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।मृतक के हाथ और पैर पीछे की ओर कपड़े से बंधे थे।उसके सर और चेहरे पर किसी धारदार हथियार से हमला किया गया था।पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना क्षेत्र के चिलौली गांव में पूर्व प्रधान देशराज पाल के बाग में ब्रजेश तिवारी 48 वर्षीय पुत्र उमा शंकर तिवारी का पड़ा मिला।गांव के लोग जब सुबह निकले तो देखा की खेतो में एक युवक निवृस्त्र और जिसके हाथ और पैर पीछे से एक कपड़े से बंधे थे सर और चेहरे से खून निकला था।गांव के लोगो ने पहचान कर गांव में रहने वाले भाई रमेश और उसके भतीजे मुदित को इसकी सूचना दी।स्वजन मौके पर पंहुचे और देखा की शव पड़ा है तो उन लोगो ने पुलिस को सूचना दी।मौके पर सोहरामऊ पुलिस पंहुची और शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।मृतक के भाई रमेश ने बताया की उसके भाई की शादी नही हुई थी।और घर पर रहते थे।बुधवार को दोपहर में 4 बजे वो घर से घास काटने को निकले थे जिससे उनके हाथ में हसिंयां थी।रात को देर तक नही आये तो तलाश की पर कही जानकारी नही हुई।सुबह गांव के लोगो ने इसकी जानकारी दी।तो घटना स्थल पंहुचे जहां पुलिस को सूचना दी गयी।मृतक तीन भाई है राजेश, रमेश जिसमें राजेश लखनऊ में रहता है।रमेश के दो लडके है मुदित और आयुष व एक लड़की बिट्टो तिवारी है।स्वजन का कहना है की उनकी कोई दुशमनी नही थी।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया की मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मुकदमा लिखा जा रहा है।मामले की जांच कर जल्द हत्या का खुलासा किया गया।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट, चार घायल

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के छोटी जमुनिया गांव में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो पक्षों की महिलाओं के बीच शुरू हुआ विवाद पुरुषों तक पहुंच गया। कुंवारा नाम की महिला और उनकी देवरानी दीपिका ने आरोप लगाया कि दूसरा पक्ष उनकी जमीन से जबरन चक रोड निकालने का प्रयास कर रहा था। इसी बात को लेकर दूसरे पक्ष की निशा और उनकी बेटियों से विवाद हो गया। मामला बिगड़ता देख कुंवारा के पति कालीचरण और दूसरे पक्ष से राजेश बीच-बचाव के लिए आए। लेकिन स्थिति और गंभीर हो गई और दोनों पक्षों के बीच लाठी-डंडे चल गए।इस घटना में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हुए। पहले पक्ष से 40 वर्षीय कुंवारा, 45 वर्षीय कालीचरण और 28 वर्षीय दीपिका को चोटें आईं। दूसरे पक्ष से 48 वर्षीय निशा घायल हुईं।कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है और जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# पति के चेहरे पर वार कर पत्नी ने उतारा मौत के घाट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र के सिग्नापुर गांव में गुरुवार सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। यहां पत्नी ने अपने ही पति की चेहरे पर वार कर हत्या कर दी। घटना की खबर फैलते ही पूरे इलाके में सनसनी मच गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जानकारी के मुताबिक, सिग्नापुर निवासी राजेश उर्फ कल्लू (45) पुत्र भवानी की हत्या उसकी पत्नी कामिनी (40) ने कर दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो मृतक के चेहरे पर गंभीर चोटों के निशान मिले। प्रथम दृष्टया यही प्रतीत हो रहा है कि उसकी मारपीट कर हत्या की गई है।पुलिस ने आरोपित पत्नी कामिनी को हिरासत में ले लिया है। अधिकारियों का कहना है कि हत्या किस वजह से की गई है, यह पूछताछ के बाद ही साफ हो सकेगा। फिलहाल महिला से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल पर फील्ड यूनिट को भी बुलाया गया, जिसने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने ग्रामीणों से भी बातचीत की, ताकि विवाद की पृष्ठभूमि का पता लगाया जा सके।गांव वालों के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होते रहते थे, लेकिन घटना हत्या तक पहुंच जाएगी, इसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। सीओ हसनगंज अरविंद चौरसिया ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्द ही घटना की असली वजह सामने आ जाएगी।

# धूमधाम से निकाली गई रामडोल शोभायात्रा, भाजपा नेता ने उतारी आरती

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। नगर पंचायत मोहान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद गुरुवार को रामडोल की शोभायात्रा बड़ी धूमधाम से कस्बेवासियों ने निकाला। जिसमे आस पास गावों से लोगो ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। राम डोल शोभा यात्रा हरिहर दास बाबा मन्दिर से राधाकृष्ण, श्री राम सीता, शंकर पार्वती, सरस्वती सहित अन्य देवी देवताओ की झांकियो के साथ रैली निकाल कर धीरे धीरे पैदल कस्बे के मुख्य मार्ग से होते गुजरी।यात्रा के दौरान रास्ते मे जगह जगह लोगो ने बूंदी, पानी, शरबत आदि प्रसाद वितरण किया।भक्तों ने जय जय श्री राम के नारे लगाते हुए लोग निकले, जिससे कस्बा भक्तिमय हो गया। राम सीता की झांकी को भाजपा नेता कपिल निगम ने आरती उतार कर पूजा अर्चना की, यात्रा में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम रावत, कपिल निगम, नगर पंचायत अध्यक्ष समरजीत यादव, सोनू सिंह, संदीप निगम, शंकर रावत, मिथिलेश रावत, गोविंद, अर्णव कन्नौजिया, राम धीरज, सचिन शर्मा, आदि मौजूद रहे।



# मृत्यु प्रमाण बनवाने के लिए तहसील से लेकर ब्लाक तक लगाने पड़ते सैकड़ों चक्कर

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर अन्तर्गत मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाते बनवाते परिजनों की मौत हो जाने के बाद भी प्रमाण पत्र नही बन पाते जिससे आम जन सरकारी तंत्र से निराश हो रहा है। तहसील क्षेत्र के विकास खंडों में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारियों की हीलाहवाली के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र नही बन पा रहे । पीड़ित द्वारा जिला स्तरीय अधिकारियो से गुहार लगाने के प्रमाण पत्र पाने में पापड़ बेलने पड़ रहे है।गौरतलब है ग्राम पंचायत छाछी राई खेडा निवासी धुन्नू लोध की पत्नी मिठाना देवी की मौत 24 मार्च 2024 को हो गयी थी। मिठाना देवी के नाम से सुमेरपुर ग्रामीण बैंक में खाता था जिसका पैसा निकलवाने हेतु कई प्रमाण पत्र बैंक द्वारा मांगे गए थे। धुन्नू लोध महीनों म्रतक प्रमाण पत्र बनवाने हेतु ब्लॉक व तहसील के चक्कर लगाते लगाते गर्मी व लू का शिकार होकर 19 जून को स्वर्ग सिधार गए। पुत्र रामसेवक ने बताया था मैं मुम्बई में रहकर जीवन-यापन हेतु ऑटो चलाता हूँ। माता -पिता की मौत के बाद होने वाले संस्कारो हेतु काम पर बैठा हूँ। तेरहवीं संस्कार के दौरान उस समय के ग्राम पंचायत अधिकारी का फोन मेरे पास आया था उनके द्वारा यह कह प्रमाण पत्र डाउनलोड होते ही आपके घर पहुँचा दिया जाएगा कहकर मामले को फिर टाल दिया गया। करीब 11 माह बाद होली 2025 के कुछ समय पहले प्रमाण पत्र प्राप्त हो सका। इस तरह नरपति खेडा मजरे मलौना निवासिनी बबिता देवी पत्नी स्व० सियाराम ने जिलाधिकारी को सोमवार को शिकायत कर बताया उसके पति की मौत 11 जून को हो गयी थी वह कई बार पिछले दो माह से विकास खंड सुमेरपुर के चक्कर लगा चुकी है लेकिन ग्राम पंचायत अधिकारियों द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत नही किया जा रहा। ऐसे ही दर्जनों पीड़ित है जिनके मामले सामने नही आ पाते।

# धोखाधड़ी व जालसाजी करने वाली महिला गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर में 2 जून को माधुरी पत्नी गोविन्द नारायण निवासी 199 पूरन नगर थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव ने तहरीर देकर बताया था कि उसने एक प्लाट क्षेत्रफल 72 40 फिट यानी 2880 वर्ग मीटर का ग्राम टण्डसपुर में बिहार बक्सर मार्ग के किनारे सत्यम सिंह पुत्र स्व बुद्धिमान सिंह व पुष्पा सिंह पत्नी स्व बुद्धिमान सिंह निवासी टण्डसपुर, थाना बारासगवर, जिला उन्नाव से मु 9,30,000/- रू में लिया था। जब वह उस प्लाट पर निर्माण कराने गयी तो उसे पता चला कि उक्त प्लाट पुष्पा सिंह के पति स्व बु?द्धिमान सिंह ने पूर्व में ही किसी अन्य व्यक्ति को बेंच चुके थे और उसके पक्ष में पंजीकृत बैनामा भी कर चुके थे। तहरीर के आधार पर थाना बारासगवर पुलिस ने मु0अ0सं0 99/2025 धारा 420/ 406/ 467/468/471 भादवि0 पंजीकृत किया गया था। गुरुवार को उप निरीक्षक राजेन्द्र कुमार मिश्र मय हमराह पुलिस फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्ता पुष्पा सिहं पत्नी स्व0 बुद्धिमान सिहं को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया।




# अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार युवक को मारी टक्कर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बाइक की सर्विस कराने गए युवक को ट्रक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी । पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव लालमनखेड़ा निवासी 19 वर्षीय कुलदीप कुमार पुत्र शिवशंकर बाइक की सर्विस कराने गुरुवार को बारा बाजार गए हुए थे सर्विस करा कर लगभग 11 बजे वापस गांव आ रहे थे तभी ऊंचगाँव लालकुआं मार्ग पर पृथ्वी खेडा गाँव व एच पी पेट्रोल पंप के मध्य बस को ओवरटेक दौरान ऊंचगांव की और से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। दिवंगत अविवाहित था। घटना सुनते ही मौके पर पहुंची मां नाशपती तथा अविवाहित बहन रेशमा का रो रो कर बुरा हाल है।मृतक के एक बड़ा भाई प्रदीप कुमार मानसिक बीमार रहता है। बड़ी बहन रोशनी विवाहित है। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि सूचना पर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम भेजा गया है पी एम रिपोर्ट मिलने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध रूप से कराया जा रहा है मिट्टी खनन

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। सचिवालय से परमिशन होने की बात कहते हुए आमजन पर धौंस जमाने वाले एक गैर जनपदीय निवासी द्वारा बांगरमऊ क्षेत्र में दो जे सी बी मशीन व 20 ट्रेक्टर ट्रालियों को खनन कार्य में लगाकर वृहद स्तर पर खनन करवाया जा रहा है पिछले करीब एक 20 दिनों से चल रहे खनन के खेल में लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल को छलनी कर मिट्टी उठाई जा चुकी है।किंतु जिम्मेदार इस कार्य से नजर मोड़कर बैठे है।

बांगरमऊ नगर के पश्चिमी छोर स्थित प्रसिद्ध शीतला देवी मंदिर मार्ग के करीब गांव अहिरन पुरवा के निकट पिछले करीब 20 दिनों से खनन कार्य हो रहा है चर्चा है शुरूवात के दौरान खनन की गति कुछ धीमी रही किंतु पिछले कई दिनों इस खनन कार्य में करीब 20 ट्रेक्टर ट्रालियां व दो जे सी बी मशीन लगी हुई है चर्चा यहां तक है कि खनन कार्य रात के समय क्षेत्र के अन्य स्थानों पर जबकि दिन के समय गांव अहिरन पुरवा के निकट धड़ल्ले से खनन कराया जा रहा है बड़े स्तर पर खनन होने की बात पूछने पर स्थानीय लोगों को खनन कताओं द्वारा सचिवालय से परमिशन होने की बात बताई जा रही है।बताया जा रहा है खनन कार्य में शामिल मुख्य कारोबारी गैर जनपद निवासी है तथा समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेताओं का करीबी बताकर लोगो पर रौब गांठता रहता है।बांगरमऊ क्षेत्र में वृहद स्तर पर संचालित यह कार्य पिछले कई दिनों से चर्चा का विषय बना हुआ है लोगो का कहना है आमजन को चंद ट्रालियां मिट्टी भरान हेतु परमिशन लेने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है किंतु एक कारोबारी को दर्जनों ट्रेक्टर ट्रालियां व दो दो जे सी बी मशीन से खनन करने की परमिशन कैसे मिल गई और धड़ल्ले से कार्य भी हो रहा है।मजे की बात यह है लगातार जारी खनन व प्रमुख मार्गों से मिट्टी भरी दौड़ती ट्रेक्टर ट्रालियों पर अभी तक किसी की नजर नहीं पहुंच रही है।

हालांकि यह खनन कार्य पूर्ण रूप से वैध है इसकी संभावना कम ही प्रतीत हो रही है हालांकि कुछ परमिशन आदि की आड में बड़े स्तर पर खेल होने की चर्चा तेज है हालांकि क्षेत्रीय प्रशाशन की चुप्पी भी खनन कर्ता की पहुंच दशार्ता प्रतीत हो रहा है।

उपजिलाधिकारी बांगरमऊ नवीन चंद ने कहा है खनन की जानकारी नहीं है मामले की जांच कराई जाएगी।

# मंदिर में आज आयोजित होगा विशाल जागरण एवं मटकी महोत्सव

अमन लेखनी समाचार

पाटन, उन्नाव। बीघापुर क्षेत्र के त्रिपुरारपुर में 22 अगस्त दिन शुक्रवार को श्री देवीदीन बाबा मंदिर प्रांगण में विशाल जागरण भंडारा एवं आल्हा मटकी महोत्सव का आयोजन न्यू बाल गोपाल कमेटी द्वारा किया जा रहा है जिसमें जागरण पार्टी कानपुर हितेश दीवाना एवं झांकी ग्रुप बरसाना इंटरनेशनल झांकी ग्रुप वृंदावन के द्वारा सुंदर सुंदर झांकियां दिखाई जाएगी जैसे एक साथ तीन राधा तीन कृष्णा भगवान विष्णुअवतार बाहुबली बालाजी महाराज की झांकी शंकर पार्वती जीवित सपों के साथ भस्म आरती एवं प्रमुख झांकियां दिखाई जाएगी गुणगान करता कन्हैया को मनाने मेघा शर्मा जो राजस्थान से आरती हमीरपुर बांदा शालू शर्मा जयपुर राजस्थान पंडित कमलेश तिवारी कानपुर कोमल तिवारी रितेश हितेश दीवाना कानपुर से सुंदर-सुंदर भजनों से मनाएंगे कन्हैया को न्यू बाल गोपाल कमेटी के द्वारा महिलाओं एवं बच्चों को बैठने की अलग व्यवस्था अतिथियों की बैठनें की अलग व्यवस्था की गई है



# मौसम ने ली करवट झमाझम हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। गुरुवार को दोपहर बाद मौसम ने करवट ली। शुक्लागंज समेत जिले के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। करीब एक घंटे की बारिश ने लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत दी। मौसम विभाग के अनुसार जिले का अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा। बरसात के बाद ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। किसानों को इस बारिश से सबसे ज्यादा लाभ मिला है। धान की फसल को समय पर पानी मिलने से वृद्धि बेहतर होगी।किसान रामनरेश ने बताया कि धान की फसल के लिए यह बारिश संजीवनी साबित हुई है। खेतों को समय से पानी मिलना बेहद जरूरी था। किसानों का कहना है कि अगर कुछ दिन और बारिश होती रही तो खरीफ की फसल का उत्पादन बढ़ेगा। हालांकि, बारिश से शहर के कई इलाकों में जलभराव की समस्या भी हुई। शुक्लागंज, गंगाघाट और उन्नाव नगर के निचले इलाकों में पानी भर गया। मुख्य बाजार और गलियों में जलभराव से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई।बारिश के दौरान बच्चे और युवा उत्साहित दिखे। छोटे बच्चे बारिश में भीगते नजर आए। दुकानदारों ने कहा कि बारिश से थोड़ी असुविधा हुई, लेकिन गर्मी से राहत मिलने के कारण ग्राहक संतुष्ट दिखे।

## संक्षेप

### स्वास्थ्य केंद्र में मातृ सम्मेलन

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र पर मातृ समिति सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी और स्वास्थ्य कर्मियों ने महिलाओं को स्वास्थ्य और शिशु पालन-पोषण की जानकारी दी। कार्यक्रम में सीएचओ श्वेता ने गर्भावस्था, प्रसव और शिशु देखभाल के बारे में विस्तार से बताया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मधूसिंह ने शिशुओं के बौद्धिक विकास और पोषण पर प्रकाश डाला। सम्मेलन में एएनएम विनीता यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला वर्मा और यशोदा सहायिका मिथलेश यादव उपस्थित रहीं। इसके अलावा समूह सखी विधाता, कुसुम, सीता सहित अन्य महिलाएं भी मौजूद रहीं।

### बंधुआ कला धम्मौर मार्ग पर नई पहल

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, बंधुआ कला धम्मौर संपर्क मार्ग पर नई तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है। डेढ़ किलोमीटर लंबी इस सड़क को सीसी और डामर से बनाया गया था। इसके लिए सरकार ने 38 लाख रुपये का बजट दिया था। सड़क निर्माण के बाद ठेकेदार ने वाहनों की आवाजाही रोकने के लिए बैरिकेड लगाए थे। बैरिकेड हटने के बाद वाहनों के चलने से पुरानी संगत में करीब 20 मीटर सड़क उखड़ने लगी। इस समस्या को देखते हुए विभाग ने पैचिंग का निर्णय लिया। विशेष केमिकल से पैचिंग का काम शुरू किया गया। इस दौरान यातायात प्रभावित रहा। पीडब्लूडी के जूनियर इंजीनियर अमरदीप के अनुसार, सड़क को और मजबूत बनाने के लिए विशेष टेक्नोलॉजी का केमिकल इस्तेमाल किया जा रहा है। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो इस तकनीक का उपयोग अन्य स्थानों पर भी किया जाएगा।

### साधन सहकारी समिति का गोदाम बंद

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, बल्दीराय तहसील के ग्राम पंचायत बिसांवा में साधन सहकारी समिति का गोदाम बंद पड़ा है। यह गोदाम दशकों से किसानों की सेवा कर रहा था। अब इसके बंद होने से क्षेत्र के किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। किसान यहां से उर्वरक, बीज और कीटनाशक दवाएं नहीं खरीद पा रहे हैं। वे अपनी उपज भी यहां नहीं बेच पा रहे हैं। इस कारण उन्हें दूर-दराज के इलाकों में जाना पड़ रहा है। स्थानीय किसानों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर नहीं मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान कल्याण योजनाओं के तहत गोदाम को पुनः चालू करने की मांग की है। राजेंद्र सिंह, राकेश कुमार, राजाराम उपाध्याय, मनोहर लाल और घनश्याम उपाध्याय सहित कई स्थानीय लोगों ने अधिकारियों से मदद मांगी है। उनका कहना है कि गोदाम के चालू होने से क्षेत्र के किसानों को राहत मिलेगी।

# समूह की महिलाओं ने घोटाले की खोली पोल, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर ब्लॉक मे राष्ट्रीय ग्रा0 आ0 मिशन की महिलाओं का छलका दर्द, कहा न पैसा, न सामान, फिर भी ब्याज चुका रही समूह की महिलाए। बरुहा बेतनिहा की महिलाओं ने खोली पोल। खबर है कि जिले के शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में मनमानी और गड़बड़ घोटाला का पोल काजल प्रेरणा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने खोल दी है। बुधवार दोपहर करीब तीन बजे नफीसा, नाजमा, नूरी, फातिमा, कान्ति, निर्मला, प्रमिला आदि समूह की महिलाओं ने खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव को शिकायती पत्र सौंपकर बताया। कि (एन.आर.एल.एम) में तैनात अजय शर्मा ने समूह का 90,000 रुपया मछली पालन के नाम पर पीजी ग्रुप को माह दिसंबर 2024 में ट्रांसफर करवा दिया। लेकिन आजतक न मछली पालन का सामान मिला, न ही पैसा वापस हुआ। हम लोगों के खाते से 900 रुपए प्रति माह बैंक ब्याज के रूप में काट ले रहा है। जिससे समूह की महिलाओं के बीच तनाव की स्थिति बन गई है। बीएमएम अजय शर्मा ने बताया कि समूह की महिलाओं ने मछली पालन के लिए कहा था। लेकिन बाढ़ की वजह से सामान नहीं मिला है। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच के लिए गुरुवार को मैं स्वयं जाऊंगी। दोषी पाए जाने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# देशी तमंचा व दो जिन्दा कारतूस सहित खैरीघाट पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




शिवपुर, बहराइच। जिले के शिवपुर ब्लॉक निहित बरदहा नहर मार्ग से दो देशी तमंचा और कारतूस के साथ दो आरोपियों को खैरीघाट थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय। सम्बन्ध मे थानाध्यक्ष राशिद अली खान के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरदी थाना क्षेत्र के महराजगंज निवासी आशिफ पुत्र ननऊ और मन्नू पुत्र आमीन के रूप में हुई है। गिरफ्तारी करने में उप निरीक्षक राम प्रवेश यादव, कांस्टेबल हनुमान प्रसाद यादव, अवधेश यादव और शिवकुमार पांडे ने अहम भूमिका निभाई। तलाशी के दौरान आशिफ के पास से 315 बोर का देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ एवं मन्नू के पास से 12 बोर का देशी तमंचा और एक कारतूस मिला है। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय भेज दिया।

# ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में हादसा



**बोलेरो पलटी, तीन लोग घायल; जिला अस्पताल में चल रहा इलाज**

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, जायस थाना क्षेत्र में विष्णु पेट्रोल पंप के पास एक बोलेरो ई-रिक्शा को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में बोलेरो में सवार तीन लोग घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल एक निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल गौरीगंज रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की स्थिति खतरे से बाहर है और उनका इलाज जारी है। घटना के बाद बोलेरो मालिक ने पिकअप वाहन बुलाकर दुर्घटनाग्रस्त बोलेरो को बाहर निकलवाया। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हत्या के वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को मुखबिर खास की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक बहराइच के निर्देश तथा अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गाप्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा प्रद्युम्न सिंह के कुशल निर्देशन में, थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह रावत के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। चौकी इंचार्ज बाबागंज के उपनिरीक्षक दीपक सिंह मय हमराही पुलिस बल द्वारा की गई इस कार्रवाई में आरोपी संतोष कुमार पुत्र पैरू उर्फ देवतादीन, निवासी दजीगांव थाना रूपईडीहा, जनपद बहराइच (उम्र लगभग 42 वर्ष) को गिरफ्तार किया गया।

थाना प्रभारी निरीक्षक रूपईडीहा रमेश सिंह रावत ने बताया कि आरोपी पर थाना रूपईडीहा में गैर इरादतन हत्या के तहत ग्राम तकिया दा० सोरहिया में आपसी विवाद में दर्ज हुआ था। अभियुक्त लंबे समय से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने बरवलिया तिराहा थाना रूपईडीहा क्षेत्र से अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के सभी निदेशों का अक्षरशः पालन किया गया।

गिरफ्तारी के उपरांत विधिक कार्यवाही पूरी कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# 930 ग्राम नाजायज गांजा के साथ एक को खैरीघाट पुलिस ने किया गिरफ्तार




अमन लेखनी समाचार

शिवपुर, बहराइच। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बहराइच द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में थानाध्यक्ष खैरीघाट राशिद अली के कुशल नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा आज गुरुवार को मुखबिर खास की सूचना पर खाना खैरीघाट के इमामगंज से भकुरहा जाने वाले मार्ग पर रामराज पुत्र राम फेरन निवासी बसंतपुर थाना खैरीघाट जनपद बहराइच को 930 ग्राम नाजायज गांजा के साथ नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद गिरफ्तारी माननीय सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निदेशों का पालन करते हुए गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को मा0 न्यायालय बहराइच के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया एवं गिरफ्तारी की सूचना जरिये उचित माध्यम उनके परिजनों को दी गई।

# उद्योग व्यापार मंडल का वार्षिक अधिवेशन

**व्यापारियों ने रखीं समस्याएं, प्रदेश अध्यक्ष ने दिया समाधान का आश्वासन**

अमन लेखनी समाचार




अमेठी जिला, जिला मुख्यालय गौरीगंज स्थित गीतांजलि मैरिज लॉन में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल का वार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल उपस्थित रहे। प्रतापगढ़ के गड़वारा नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अधिवेशन का आयोजन प्रदेश मंत्री अमर चौरसिया, जिलाध्यक्ष महेश अग्रवाल और युवा जिलाध्यक्ष आजम राइन ने किया। जिले भर से आए लगभग 500 व्यापारी इस अधिवेशन में शामिल हुए।कार्यक्रम में कई व्यापारियों ने अपनी समस्याएं प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष रखीं। प्रदेश अध्यक्ष ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में स्थानीय विधायक राकेश प्रताप सिंह के भाई व्यापारी नेता मुकेश सिंह भी मौजूद रहे। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश महामंत्री, अनूप अग्रवाल, राहुल लोहिया, पवन वैश्य, दीपक अग्रहरि, सुशील जायसवाल, विष्णु सोनी और चित्रांशु जायसवाल सहित अन्य व्यापारी नेता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने कहा कि संगठन हर परिस्थिति में सभी व्यापारियों के साथ खड़ा है। अधिवेशन के दौरान जिले के कई व्यापारियों को संगठन में विभिन्न जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं।

# दबंगों ने हिन्दू युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष को पीटा

**अलीगढ़ में युवकों ने मारपीट की, बोले- मेरे मामा दरोगा और एसपी हैं**

अमन लेखनी समाचार




अलीगढ़ , सम्राट लॉज के पास रात दबंगो ने हिन्दू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष और फास्ट फूड कॉर्नर संचालक के साथ मारपीट की। बचाव करने आये उनके कर्मचारी को भी पीट दिया। वायपर, पानी की बोतल और ईंट से वार कर दोनों को घायल कर दिया। दबंगो ने टशन और धौंस दिखाने के लिए हमला किया। क्योंकि हमलावरों ने अपने मामा को दरोगा और एसपी बताया। घटना के बाद आरोपी भाग गए। दबंगों का हंगामा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। जोकि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वहीं, पीड़ित ने इंस्पेक्टर पर आरोप लगाया कि 9 बजे तक दुकान बंद न करने पर कार्यवाही करने को लेकर धमकाया है। जानकारी के मुताबिक, संकल्प विहार के रहने वाले मानवेन्द्र सिंह ने खुद को हिन्दू युवा वाहिनी के जिला अध्यक्ष बताया है। वह सम्राट लॉज के पास फास्ट फूड कॉर्नर चलाते हैं। उन्होंने बताया कि घटना रात्रि करीब सवा 10 बजे की है। 4 नशे में धुत आये थे। उन्होंने अपना खाना-पीना किया और पेमेंट कर जाने लगे। तभी उनमें से एक लड़के ने बेवजह टशन दिखाना शुरू कर दिया। गाली-गलौज के साथ धौंस दिखाना शुरू कर दिया। युवक ने मामा को दरोगा और एसपी बताया। विरोध करने पर तीन लड़कों ने हमला किया। जबकि उनका एक साथी चला गया। एक दबंग लड़के ने दुकान में रखे वायपर से वार करना शुरू कर दिया। जबकि दूसरे ने खाली रखी पानी की बोतल से वार किया। इसी बीच तीसरे ने ईंट से हमला कर दिया। बचाव करने आये कर्मचारियों पर भी दबंगो ने हमला किया। घटना के बाद आरोपी भाग गए। मामले पुलिस से शिकायत की। आरोप है कि इंस्पेक्टर बन्नादेवी ने उनको धमकाया। कहा कि दुकान 9 बजे तक बन्द करने को कहा। वरना उल्टा उनके खिलाफ कार्यवाही करने की धमकी दी।

उधर, जिला अस्पताल के डॉक्टर गजेश प्रजापति ने बताया कि मानवेन्द्र और रवि का देर रात्रि 1 बजे मेडिकोलीगल और इलाज कर भेज दिया। उनके चेहरे और सिर में चोट थी। दोनों खतरे से बाहर हैं।

# नई बीडीओ ने संभाला कार्यभार

**प्रधान संघ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत, विकास कार्यों पर हुई चर्चा**

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, विकासखण्ड प्रतापपुर कमैचा में विमलेश चन्द्र तिवारी के स्थानांतरण के बाद निशा तिवारी ने नई खण्ड विकास अधिकारी के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। प्रधान संघ के जिला अध्यक्ष मनोज गोस्वामी के नेतृत्व में पदाधिकारियों और ग्राम प्रधानों ने उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने बीडीओ को पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। इस दौरान क्षेत्र के विकास की रूपरेखा पर सकारात्मक चर्चा की गई। ग्राम प्रधानों ने नई बीडीओ को गांवों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जनता को नई ऊर्जा और नई सोच से विकास कार्यों की उम्मीद है। निशा तिवारी ने ग्राम प्रधानों को आश्वासन दिया कि वह सभी के सहयोग से विकासखंड में पारदर्शी और गतिशील कार्यप्रणाली को प्राथमिकता देंगी। कार्यक्रम में बृजेश मिश्र, प्रदीप पाण्डेय, प्रदीप उपाध्याय, हरीश प्रजापति, अमरदेव सिंह सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# नाबालिग किशोरी लापता

**कबाड़ की दुकान पर करती थी काम, मां की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

अमन लेखनी समाचार

सुलतानपुर, हनुमानगंज बाजार में एक 16 वर्षीय किशोरी लापता हो गई। किशोरी की मां पांच बच्चों के साथ हनुमानगंज बाजार में किराए के कमरे में रहती हैं। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया। महिला कोतवाली देहात के गोमती नदी किनारे स्थित ग्राम हडही बजूपुर की रहने वाली है। वह हनुमानगंज बाजार में कबाड़ की दुकान पर तक मजदूरी करती हैं। महिला ने अपनी बेटी की गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी के अपहरण की आशंका है। उसके पांच छोटे-छोटे बच्चे हैं। वह कबाड़ की दुकान के बगल में किराए के कमरे में रहती है। काफी खोजबीन के बाद भी किशोरी का कोई सुराग नहीं मिला है। देहात कोतवाल अखंडदेव के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# रास्ते की मांग पर बीडीओ ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अमेठी में शिकायतकर्ता नहीं रहे मौजूद, मौके पर पहुंचे कई ग्रामीण**

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, भेटुआ की खंड विकास अधिकारी आकांक्षा सिंह ने गुंगवाछ ग्राम पंचायत का दौरा किया। दौरे का मकसद गुंगवाछ निवासी शैलेन्द्र तिवारी की शिकायत का निस्तारण था। शैलेन्द्र ने सीडीओ को पत्र भेजकर पक्के रास्ते के निर्माण की मांग की थी। शिकायतकर्ता का कहना था कि रास्ता न होने से आवागमन में परेशानी होती है। उनका आरोप था कि अधिकारी झूठी आख्या लगाकर शिकायत का फर्जी निस्तारण कर रहे हैं। बीडीओ आकांक्षा सिंह ने बताया कि निरीक्षण के दौरान शिकायतकर्ता खुद मौजूद नहीं थे। उन्होंने अपना प्रतिनिधि भेजा था। जांच में सामने आया कि जहां रास्ते की मांग की गई है, वह तालाब और खाते की जमीन है। शिकायतकर्ता के घर के पीछे इंटरलॉकिंग रास्ता मौजूद है। हालांकि कुछ जगहों पर रास्ता संकरा होने से चार पहिया वाहन नहीं पहुंच सकते। तालाब की जमीन से एक कच्चा रास्ता भी शिकायतकर्ता के घर तक जाता है। बरसात में जलजमाव से यहां आवागमन में दिक्कत होती है। बीडीओ ने स्पष्ट किया कि तालाब और किसी के खाते की जमीन पर पक्के रास्ते का निर्माण संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। निरीक्षण के दौरान गुंगवाछ प्रधान प्रतिनिधि नितिन तिवारी, पंचायत सचिव दिलीप और कई ग्रामीण मौजूद थे।

## संक्षेप

### प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

**दमकल कर्मियों ने पाया आग पर काबू, दूर तक देखा गया धुएं का गुबार**

गाज़ियाबाद, लोनी के रूपनगर इंडस्ट्रियल एरिया की एक फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर अचानक आग लग गई। स्थानीय लोगों ने आग की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने में जुट गई। आग इतनी भयंकर थी कि दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। आग प्लास्टिक दाना बनाने वाली फैक्ट्री के ग्राउंड फ्लोर पर तार, वेस्ट मटेरियल और कतरन में लगी थी। मौके पर धुएं का गुबार दूर से ही देखा जा सकता था। आग पर काबू पाने के लिए फायर कर्मियों ने दोनों फायर इंजन से होज पाइप फैलाकर पंपिंग शुरू की। लेकिन आग से उठ रहे घने धुएँ और दिल्लीझसहारनपुर मार्ग पर भारी जाम के कारण अतिरिक्त मदद की जरूरत पड़ी। तुरंत मुख्य अग्निशमन अधिकारी को सूचित किया गया, जिनके निर्देश पर फायर स्टेशन साहिबाबाद से एक अतिरिक्त फायर टेंडर मौके पर भेजा गया। तीनों फायर टेंडरों की संयुक्त कार्रवाई से आग को चारों ओर से घेरकर कड़ी मशक्कत के बाद पूरी तरह बुझा लिया गया। घटनास्थल पर स्थानीय पुलिस की टीम भी मौजूद रही और बचाव कार्य में फायर सर्विस का सहयोग किया। अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि प्लास्टिक बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगी थी जिसके मालिक राजकुमार है, फैक्ट्री मालिक से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की संभावना हो सकती है।

### थापरनगर में सजे गणपति

**कोलकाता से आती हैं खास मूर्तियां, 4 महीने पहले से होने लगती है सजावट**

मेरठ, जैसे ही गणेश चतुर्थी का पावन पर्व नजदीक आ रहा है, मेरठ की गलियों में भगवान गणेश की मूर्तियों की रौनक छा गई है। शहर के बाजार रंग-बिरंगी, इको-फ्रेंडली मूर्तियों से सज चुके हैं, जहां पगड़ी वाले गणेश से लेकर तकिया गणेश तक, हर स्वरूप भक्तों का मन मोह रहा है। थापर नगर के मूर्तिकारों की दुकानों पर 6 इंच की छोटी मूर्तियों से लेकर 5 फुट की भव्य मूर्तियों तक का मेला सजा है, जो न सिर्फ आंखों को सुकून दे रहा है, बल्कि पर्यावरण की रक्षा का संदेश भी दे रहा है। मेरठ के गणपति मूर्ति कला केंद्र के मालिक प्रजापति ने बताया कि उनके पास 6 इंच से लेकर 5 फुट तक की मूर्तियां उपलब्ध हैं, और खास बात यह है कि सभी मूर्तियां इको-फ्रेंडली हैं। इनमें मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है और कई मूर्तियों में बीज डाले जाते हैं, जिन्हें विसर्जन के बाद पौधे के रूप में उगाया जा सकता है। प्रजापति बताते हैं, 6 से 12 इंच की मूर्तियां घरों की शोभा बढ़ाती हैं, जबकि 30 इंच से ढाई फुट तक की मूर्तियां पंडालों में भक्ति का माहौल बनाती हैं। मार्केट में गणेश जी की मूर्तियों की विविधता देखने को मिल रही है।

# बेटे संग महिला ट्रेन के आगे कूदी

**सुसाइड करने से पहले स्टेशन के करीब टहलती दिखी थी, पुलिस पहचान करने में जुटी**

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, सोरांव इलाके में एक महिला ने अपने छह साल के बेटे के साथ ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटे की दर्दनाक मौत हो गई। घटना गंगापार के सोरांव थाना क्षेत्र के सघनगंज रेलवे स्टेशन के पास की है। ट्रेन जाने के बाद आसपास के लोग पहुंचे तो रेलवे ट्रैक पर दोनों के शव पड़े मिले। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पूछताछ की, लेकिन अब तक महिला और उसके बेटे की शिनाख्त नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला काफी देर से रेलवे ट्रैक के आसपास घूम रही थी। उसके हाथ में एक पॉलिथीन थी। फिलहाल पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर शिनाख्त की कोशिश शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है लेकिन अभी तक महिला और बच्चे की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला बाहर की लग रही थी, क्योंकि इलाके में उसे पहले कभी नहीं देखा गया। पुलिस आसपास के थानों से भी संपर्क कर रही है और महिला की पहचान के लिए गुमशुदगी की तहरीरों को खंगाला जा रहा है।

सोरांव पुलिस का कहना है कि शिनाख्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

फिलहाल यह आत्महत्या है या किसी और वजह से महिला को यह कदम उठाना पड़ा, इसकी जांच की जा रही है। सोरांव इंस्पेक्टर केशव वर्मा का कहना है कि आसपास के सीसीटीवी कैमरों को देखा जा रहा है कि महिला किस रास्ते से आई,

किस वाहन से उतरी ताकि पहचान कराई जा सके। आसपास के गांवों में तस्वीरें भेज शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। जहां घटना हुई वहां के लोग महिला और बच्चे को पहचान नहीं सके हैं।

# यूपीआरटीओयू के पुरा छात्र सम्मेलन में पुरा छात्रों का सम्मान

**प्रयागराज में कुलपति प्रो. सत्यकाम बोले, महाकुंभ की तरह है यह आयोजन**

अमन लेखनी समाचार




प्रयागराज, यूपीआरटीओयू (उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय) प्रयागराज में आज गुरुवार को पुरा छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। यहां पुरा छात्रों को सम्मानित किया गया। वहीं, दूसरे सत्र में सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम भी आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि पूर्व कूलपति प्रोफेसर केदार नाथ सिंह यादव ने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र ही इसकी आधारशिला पहचान और भव्यता का प्रतीक होते हैं।

पुरातन छात्र परिषद की महत्वपूर्ण भूमिका है। पुरातन छात्रों को विश्वविद्यालय की उन्नति एवं तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान करना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि पुरातन छात्र सम्मेलन प्रयागराज के कुंभ की तरह है। उसी भव्यता से इसका आयोजन विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष होना चाहिए। उन्होंने पुरातन छात्रों से अपील की कि वे यहां से शिक्षा पूर्ण करने के उपरांत जहां भी जाएं, वहां सामाजिक एवं शैक्षणिक उन्नयन के कार्य करें। राज्य सूचना आयुक्त व विशिष्ट अतिथि पीएन द्विवेदी ने गुरु छात्र सम्मेलन की परंपरागत पद्धति को याद करते हुए कहा कि प्रयाग कि धरती पर महर्षि भारद्वाज ने शिष्य रूप में श्रीराम को दीक्षा दी थी। यह स्थान संस्कृति के उत्थान, एक दूसरे के जुड़ाव और परंपरागत से लकर आधुनिक शिक्षा पद्धति की उद्गमस्थली रही है।

# अज्ञात कारणों से लगी आग से जलकर गृहस्थी हुई खाक



अमन लेखनी समाचार

अमौली, फतेहपुर। जनपद के जाफरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव डिघरुआ निवासी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता सोमेश्वर पटेल के निवास में एक कमरे में अज्ञात कारणों से बिगत दिवस रात्रि समय आग लग गई अचानक आग लगने से कमरे के अंदर पड़ा बेड गद्दा कपड़े तथा गृहस्थी का बहुत सारा सामान जलकर राख हो गया गृह स्वामी सोमेश्वर पटेल ने बताया कि विगत दिवस की रात्रि लगभग 9:00 बजे गांव में चल रही भगवान श्री बांके बिहारी की शोभायात्रा में ताला बंद करके चले गए थे वही पत्नी नन्ही नन्ही दो बच्चियों को लेकर अपने मायके गई हुई हैं अचानक आग लगने की शंका पीड़ित ने विद्युत सार्ट सर्किट के रूप में जाहिर की सौभाग्य है कि इस घटना में आर्थिक हानि हुई जबकि अन्य कोई बड़ी घटना का रूप नहीं लिया

# 14 निवेशकों से 2.10 करोड़ की ठगी

**आवासीय परियोजना को बताया सरकार से पास, फर्जी दस्तावेज से कराई सेल डीड**

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, ठगों ने श्रीराम एंकलेव परियोजना में 14 निवेशकों को आवासीय भूखंड बेचने का झांसा देकर 2.10 करोड़ रुपए ठग लिए। सीएम व पुलिस महानिदेशक से न्याय की गुहार लगाने के बाद ईकोटेक-3 कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ितों का आरोप है कि श्यामा चरण मिश्रा और सरिता मिश्रा ने अपने 12 अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर मेसर्स एमएए बैलून एसोसिएट्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनाई। आरोपियों ने खुद को सुनपुरा के श्री राम एंकलेव परियोजना के मालिक के रूप में पेश किया। पीड़ितों को बताया गया कि यह एक पूरी तरह से विकसित और सरकार द्वारा अनुमोदित आवासीय परियोजना है। पीड़ितों को लुभाने के लिए झूठे और मनगढ़ंत दस्तावेज तैयार किए, जिसमें भूमि जाली दस्तावेज शामिल थे। विश्वास दिलाया कि कृषि भूमि को आवासीय भूखंडों में बदल दिया गया है। उन्हें परियोजना में प्लॉट खरीदने के लिए प्रेरित किया। जालसाजी से तैयार किए गए दस्तावेजों के आधार पर भूखंडों के लिए ट्रांसफर डीड और सेल डीड भी कराई गई। गिरोह ने धोखे से कृषि भूमि को आवासीय भूखंड के रूप में बेचा। जब पीड़ितों ने मौके पर जाकर देखा तो उन्हें पता चला कि वह भूखंड न तो आवासीय थे और न ही उनके द्वारा दिखाई गई जगह पर मौजूद थे। जब कुछ शिकायतकर्ता मौके पर गए तो कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें धमकी दी। गिरोह ने अन्य निर्दोष लोगों से भी 5 करोड़ रुपए से अधिक की राशि इसी परियोजना के नाम पर ठगी है। पीड़ितों का आरोप है कि 1 जुलाई 2024 को गिरोह ने पैसे वापस करने से इनकार कर दिया।

# किसानों की महापंचायत में एमएसपी कानून की मांग

**बागपत में भाकियू आजाद की पंचायत, 25 अगस्त को दिल्ली में होगी महापंचायत**

अमन लेखनी समाचार



बागपत, लूंब गांव में भारतीय किसान यूनियन (आजाद) की महापंचायत आयोजित की गई। सोनू कुमार और इजहार मास्टर ने पंचायत का संचालन किया। किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगजीत सिंह डल्लेवाल ने अध्यक्षता की। भाकियू आजाद के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन बालियान ने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को कानूनी गारंटी देने की मांग की। उन्होंने गन्ना किसानों के बकाया भुगतान और मूल्य निर्धारण में हो रही देरी का मुद्दा भी उठाया। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष शादाब चौधरी ने बिजली बिल माफी और फसल बीमा योजना में सुधार की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने किसानों की समस्याओं को नजरअंदाज किया तो आंदोलन तेज किया जाएगा। सरदार जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 25 अगस्त को दिल्ली में विशाल किसान महापंचायत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के किसान सरकारी नीतियों से सबसे ज्यादा परेशान हैं। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड ने किसान एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य के लिए किसानों का संघर्ष जारी रहेगा। महापंचायत में सैकड़ों किसानों ने हिस्सा लिया और पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

# भूनी टोल पर फौजी से मारपीट का विरोध

- आम आदमी पार्टी ने डीएम कार्यालय तक निकाला मार्च, टोल कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की मांग

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, आम आदमी पार्टी ने भूनी टोल प्लाजा पर सेना के जवान कपिल के साथ हुई मारपीट के विरोध में प्रदर्शन किया। पार्टी के जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कमिश्नरी पार्क से जिलाधिकारी कार्यालय तक मार्च निकाला। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन देते हुए कहा कि यदि टोल प्लाजा के कर्मचारियों की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो वें आंदोलन करेंगे। ऑपरेशन सिंदूर में शामिल रहे सेना के जवान कपिल के साथ टोल कर्मचारियों ने मारपीट की गई थी। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने कहा कि एक तरफ भाजपा सरकार भारतीय सेना का सम्मान करने का दिखावा कर रही है और दूसरी तरफ जवान को तालिबानी सजा दी जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मजबूरन कार्रवाई की है। जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने कहा कि मेरठ के टोल प्लाजा पर स्थानीय लोग, महिलाएं भी टोल कर्मचारियों की गुंडागर्दी का शिकार हो रहे हैं।

उन्होंने टोल ठेकेदार और स्थानीय पुलिस के बीच साठगांठ का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि टोल प्लाजा से संबंधित थाने की पुलिस पेट्रोल भरवाती है। यदि टोलकर्मी गुंडागर्दी करते हैं तो पुलिस उनकी वकालत करने आ जाती है। सेवा के जवान कपिल के साथ हुई मारपीट प्रकरण में भाजपा सरकार के दो विधायकों को धरना देना पड़ा। आप ने मांग की है कि भूनी टोल प्लाजा की संचालक कंपनी मेसर्स धरम सिंह एंड कंपनी का लाइसेंस तुरंत रद्द किया जाए। साथ ही इसे एनएचएआई के किसी भी भविष्य के ठेके के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाए।चौधरी ने कहा कि यदि सरकार ने तत्काल कार्रवाई नहीं की, तो पार्टी इस मुद्दे को सड़क से लेकर सदन तक उठाएगी।

# वोट चोरी से जीत रही बीजेपी : रामगोपाल

**युवा वोट बनवा लें नहीं तो दरोगा आपको विदेशी बता देगा**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, 'बीजेपी वोट चोरी करके जीत रही है। बीजेपी जो कहती है, वही इलेक्शन कमीशन करता है। जब तक वोट सुरक्षित नहीं हो जाएंगे। हम लोग आंदोलन करते रहेंगे। जो युवा 18 साल के हो गए हैं, वह अपना वोट बनवाएं। अगर आप 18 साल के हो गए हो और आपका वोट नहीं है तो दरोगा कभी भी कह सकता है कि आप भारतीय नहीं हो।' ये बातें सपा के राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल ने कहीं। वह स्व. सत्यप्रकाश भराला की 17वीं पुण्यतिथि पर मेरठ पहुंचे थे। उन्होंने कहा- हरेंद्र मलिक जी अपने समाज को बताइए कि भाजपा ने किस प्रकार सत्यपाल मलिक का अपमान किया है। जब वह अस्पताल में भर्ती थे। बीमार थे। उस समय भी उन पर मुकदमे लगाए गए। वह बिल्कुल सही और ईमानदार थे। उन्होंने सच्चाई कही, शिकायत की तो उन पर मुकदमे लगाए गए। उन्होंने जिन लोगों की शिकायतें कीं, भाजपा ने उन्हें हजारों करोड़ के ठेके देने का काम किया। उन्होंने कहा- सभी लोग मिलकर पीडीए परिवार को मजबूत बनाएं। जब भी इस क्षेत्र की जनता को कहीं किसी समाजवादी की जरूरत पड़ी तो सत्यप्रकाश भराला हमेशा उनके साथ खड़े मिले। यह सिर्फ इसी बात का प्रमाण है कि उनको गए 17 साल हो गए। जनता आज भी उन्हें अपने दिलों में जिंदा रख यहां पहुंची है। उन्होंने कहा- वोट चोरी करने का मामला सबके सामने है। अब चुनाव आयोग के पास कहने को कुछ नहीं बचा है। जितने भी युवा हैं, वह अपने-अपने वोट बवना लें। कोई नेता या विधायक बनवाने नहीं आएगा। उन्होंने कहा- सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि भले ही आज विनीत भराला के सिर पर पिता का साया न हो, लेकिन समाजवादी पार्टी और सरधना कि यह जनता हमेश इनके साथ है। छोटी उम्र में पिता को खोने के बाद पिता द्वारा जोड़े गए परिवार की हिम्मत बनकर जो काम इन्होंने किया है जनता उसका श्रेय समय आने पर इन्हे देगी। सपा के चरथावल विधायक पंकज मलिक ने कहा- प्रदेश का हाल भगवान भरोसे है। सैनिक जो हमारे देश की सुरक्षा करता है। उसको टोल पर बांध कर पीटा जाता है। प्रशासन का यह हाल है कि थाने भी बिक चुके हैं। पुलिस को उनका हिस्सा मिल जाता है और वह आम जनता का शोषण होने देती है। कार्यक्रम के आयोजक विनीत भराला ने कहा कि जब मेरे पिता का साया मेरे सिर से उठा तो मेरी मां ने बोला था कि बेटा खुद को मजबूत रख। जो क्षेत्रवासियों का परिवार तेरे पिता ने बनाया था। अगर तुमने उस परिवार को जोड़े रखा तो तुम्हें सब कुछ मिल जाएगा।

# 50 साल पुरानी पैठ को लेकर विवाद

**400 दुकानदारों ने तहसील पर किया प्रदर्शन, एक तरफ दुकान लगाने का विरोध**

अमन लेखनी समाचार




मोदीनगर, विशोखर रोड पर स्थित 50 वर्षीय पैठ को लेकर विवाद गहरा गया है। सैकड़ों दुकानदारों ने मोदीनगर तहसील पर प्रदर्शन किया। विवाद की जड़ में एक महिला की शिकायत है। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पैठ को सड़क के एक तरफ लगाने की मांग की थी। उनका कहना था कि सड़क के दोनों ओर दुकानें लगने से आवागमन में परेशानी होती है। वर्तमान में पैठ में करीब 400 दुकानदार अपना व्यवसाय चलाते हैं। नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों ने दुकानदारों को सड़क के एक तरफ दुकान लगाने के निर्देश दिए हैं। दुकानदारों का आरोप है कि स्थानीय सभासद पैठ को हटवाने की साजिश रच रहे हैं। प्रदर्शनकारी दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि अगर उन पर जबरदस्ती की गई तो वे अनिश्चितकालीन धरना देंगे। उनका कहना है कि पैठ हटने से 400 परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा। उपजिलाधिकारी ने दुकानदारों को आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई

**55 पुलिसकर्मियों के काटे चालान, एडीसीपी ट्रैफिक बोले – नियमों के उल्लंघन में जीरो टॉलरेंस**

अमन लेखनी समाचार



गाज़ियाबाद, ट्रैफिक पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है। लगातार नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के चालान के साथ साथ उनके लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया भी अमल में लाई जा रही है। इसी क्रम में एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद के नेतृत्व में ट्रैफिक पुलिस ने 55 ऐसे पुलिस कर्मियों के चालान किए है जो नियमों का उल्लंघन कर रहे थे। एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद ने बताया कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जब रही है। आम लोगों के खिलाफ कार्रवाई के साथ साथ पुलिस विभाग के भी लोगों के चालान किए जा रहे हैं इससे नियमों का उल्लंघन करने वाले मामलों में कमी देखने को मिलेगी सच्चिदानंद ने बताया कि ये विशेष अभियान लगातार जारी रहेगा, नियम तोड़ने वाले लोगों को किसी तरह की कोई छूट नहीं दी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि, हमारा उद्देश्य केवल चालान करना नहीं, बल्कि लोगों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना है। आपको बता दें रक्षाबंधन के दिन ट्रैफिक पुलिस ने महिलाओं से रखी बंधवाकर हेलमेट वितरित किए थे पुलिस का उद्देश्य था कि लोगों को ट्रैफिक नियमों को लेकर जागरूक किया जाए साथ ही साथ बहनों को रक्षाबंधन पर ट्रैफिक पुलिस की तरफ से उपहार मिल सके ट्रैफिक पुलिस की इस निष्पक्ष कार्रवाई की शहर में सराहना हो रही है और लोगों को संदेश दिया जा रहा है कि कानून सभी के लिए बराबर है।

# खेतों में घुसा यमुना का पानी

- प्रशासन मुनादी कर लोगों को कर रहा अलर्ट, झोपड़ी में रहने को मजबूर ग्रामीण

अमन लेखनी समाचार

गाज़ियाबाद , लोनी इलाके में यमुना नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से यमुना किनारे बसे गांवों और खेतों में पानी भर गया है। नतीजतन किसानों की फसलें पूरी तरह से चौपट हो गई हैं। खेतों में रहकर काम करने वाले मजदूर वर्ग के लोग अब अपने परिवार के साथ पुस्ता पर झोपड़ियों में रहने को मजबूर हो गए हैं। स्थिति बदरपुर गांव के पास और भी गंभीर हो गई है, जहाँ यमुना के डूब क्षेत्र में काटी गई अवैध कॉलोनी पूरी तरह पानी में डूब चुकी है। कॉलोनी के निवासी अपने मकान छोड़कर सड़क किनारे शरण लेने को विवश हैं। कई परिवारों ने मजबूरी में अपने घरों की छतों पर डेरा डाल रखा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं और यदि जलस्तर और बढ़ा तो जनजीवन पर बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। राहत और पुनर्वास की कोई ठोस व्यवस्था न होने से लोगों में भय और असमंजस की स्थिति है। जिला प्रशासन ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। प्रशासन की ओर से लगातार अलर्ट जारी किया जा रहा है और संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रखी जा रही है। गौरतलब है कि हथिनी कुंड से एक लाख 80 हजार क्यूसेक पानी यमुना नदी में छोड़े जाने पर प्रशासन ने लोनी में अलर्ट जारी किया है। प्रशासनिक टीम ने लोनी के पचायरा समेत अन्य गांवों में मुनादी कराकर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। सोमवार को पानी खतरे के निशान से ऊपर चल रहा है। लोनी के कुछ गांव के खेतों तक यमुना का पानी आ चुका है।



# दो बाइकों की भिड़ंत में पति की मौत, पत्नी गम्भीर

**सड़क पर बेतरतीब खड़े हाइवा बन रहे दुर्घटना का कारण**

**अमन लेखनी समाचार**



बीजपुर (सोनभद्र) स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत रेणुकूट बीजपुर मुख्य मार्ग पर सिरसोती गाँव टोला नकटू स्थित पेट्रोल पंप के पास गुरुवार की सुबह दो बाइकों की जबरदस्त टक्कर हो गई जिसमें एक बाइक पर सवार पति पत्नी में पति को गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने घायलों को धन्वंतरि अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ पति की गम्भीर हालत देख डॉक्टरों ने ट्रामा सेंटर बैढन रेफर कर दिया जहाँ इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल युवक रामल्लू पाल उम्र 34 की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार राम लल्लू पाल पुत्र राजमन पाल निवासी बेलहवा टोला डोड़हर बाइक से अपनी पत्नी को लेकर नकटू स्थित भारत पेट्रोलियम पंप पर पेट्रोल भरवा कर लौट रहा था जैसे ही वह सड़क पर निकला तभी बीजपुर से रेणुकूट की ओर तेज गति से आ रहे एक अज्ञात बाइक चालक ने राम लल्लू की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक उक्त अज्ञात बाइक पर सवार तीन युवक सड़क पर गिर गए परंतु हल्की चोट के कारण तुरंत तीनों उठे और फरार हो गए जबकि रामलल्लू के सिर में गंभीर चोट आई। राहगीरों की सूचना पर डायल 112 पुलिसकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घायल पति-पत्नी को एनटीपीसी के धनवंतरी चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां राम लल्लू को लगी गंभीर चोट को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे बैढन ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया लेकिन ट्रामा सेंटर पहुंचने पर डॉक्टरों ने रामलल्लू को मृत घोषित कर दिया और पत्नी का इलाज जारी है। लोगो का कहना है कि पेट्रोल पंप के आसपास राखड़ लदे तथा कुछ खाली हाईवा और ट्रकें बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं जिससे बाइक सवारों को तेल भरा कर वापस सड़क पर आते समय दाएं बाएं पटरी का रास्ता दिखाई नही देता है जिससे प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती है।लोगों ने प्रशासन से शीघ्र इस पर रोक लगाए जाने की मांग किया है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार मिश्रा ने बताया की एक अज्ञात वाहन ने दूसरे बाइक में टक्कर मार दी जिसमें गंभीर रूप से घायल रामलल्लू की बैढन ट्रामा सेंटर में मौत हो गई है मामले की जांच की जा रही है शीघ्र ही अग्रिम कार्यवाई की जाएगी।

# चोपन सिख शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष सरदार मखखन सिंह गिल नहीं रहे

**पंजाब के गृह गाँव में करीब 90 वर्ष की अवस्था में ली अंतिम सांस**

**चोपन में शोकसभा कर बंद हुआ गुरुद्वारा विद्यालय**

**विद्यालय के विकास में रहा महत्वपूर्ण योगदान**

**अमन लेखनी समाचार**



चोपन, सोनभद्र। प्रमुख क्रशर व्यवसायी, सिख समाज के महत्वपूर्ण स्तम्भ और दशकों के लम्बे अंतराल तक चोपन सिख शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष सरदार मख्खन सिंह गिल जी का करीब 90 वर्ष की अवस्था में गत दिवस पंजाब प्रांत के पैतृक गांव में निधन हो गया, वे पिछले काफी समय से अस्वस्थ थे। बुद्धवार को दूरभाष से विद्यालय परिवार को जब उनके निधन की सूचना मिली तो सब आवाक रह गए। चोपन स्थित महत्वपूर्ण शिक्षण संस्थान गुरुद्वारा इंटर मीडिएट कालेज, गुरुद्वारा पब्लिक स्कूल और गुरुद्वारा बाल विद्यालय ने शोकसभा कर विद्यालय बंद रखे। आपको ओबरा-चोपन में गुरुद्वारा साहिब और गुरुद्वारा विद्यालय की स्थापना काल से अभी तक विद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सदैव याद रखा जायेगा। आप के निधन से सिख समाज एवं विद्यालय की अपूरणीय क्षति हुई है।

# चोपन पुलिस द्वारा डकैती की तैयारी कर रहे 06 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन, विजय कुमार चौरसिया के कुशल नेतृत्व मे अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश के क्रम मे थाना चोपन पुलिस द्वारा मुखबीर खास की सूचना पर दिनांक घटना 21.08.2025 समय 12.07 बजे रात्रि उ0प्र0 गांधी स्मारक निधि बिक्री भंडार खादी ग्रामोद्योग भवन सलखन की इमारत के बगल स्थित खंडहरनुमा भवन बहदग्राम सलखन मे डकैती की तैयारी /योजाना बना रहे 06 नफर अभियुक्त क्रमशः 1. सतीश पाल पुत्र हीरामणि पाल निवासी पेढ़ थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 22 वर्ष, 2. सुरेश पाल पुत्र रामखेलावन पाल निवासी पेढ़ थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र 24 वर्ष, 3. अजय कुमार पाल उर्फ विनोद पुत्र गिरधारी पाल निवासी नौगांव थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 29 वर्ष, 4. अरूण कुमार उर्फ बब्बू पुत्र स्व0 ओमप्रकाश विश्वकर्मा निवासी ग्राम पेढ़ थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र 22 वर्ष, 5. अजय गुप्ता उर्फ गोलू पुत्र छोटेलाल गुप्ता निवासी ग्राम पेढ़ थाना चोपन जनपद सोनभद्र उम्र करीब 24 वर्ष, 6. आनंद पाल उर्फ जुगनू पुत्र स्व0 बुल्लू पाल निवासी पेढ़ थाना घोरावल जनपद सोनभद्र उम्र करीब 18 वर्ष, को गिरफ्तार किया गया व अभियुक्तगण के कब्जे से 01 अदद चाकू नाजायज, 01 अदद चापड नाजायज, 01 अदद चार पहिया वाहन TUV वाहन सं0 यूपी 64 एडी 3780, 6 अदद एन्ड्रोयड मोबाईल फोन व जामा तलाशी से 1600/- रुपये नगद बरामद । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चोपन पर मु0अ0सं0 286/25 धारा 310(4) बीएनएस व मु0अ0सं0 287/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट, व मु0अ0सं0 288/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## खास समाचार

# राम मंदिर आंदोलन के अग्रदूत थे बाबु कल्याण सिंह - डॉ अभिषेक वर्मा

**अमन लेखनी समाचार**



दिल्ली। उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय कल्याण सिंह जी की चौथी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए शिवसेना के वरिष्ठ नेता, राष्ट्रीय समन्वयक एनडीए और चुनाव प्रभारी अभिषेक वर्मा ने आज बोला कि स्वर्गीय बाबु जी ने राम मंदिर के लिए अपनी सरकार तक कुर्बान कर दी थी।उन्होंने (कल्याण सिंह) अपने जीवन का एक-एक क्षण समाज व राष्ट्र की सेवा में समर्पित किया था. सेवा, सुशासन और सामाजिक न्याय हेतु सदैव समर्पित रहे। उन्होंने कहा कि बाबूजी का जीवन उनके सिद्धांतों, निडरता एवं लोक सेवा के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक रहा. उनका 'न कोई पछतावा, न कोई पश्चाताप, न कोई दुःख, न ही कोई शोक' का मूलमंत्र उनकी गंभीरता तथा आत्मिक सत्यता का प्रतीक रहने के साथ-साथ हम सभी का राष्ट्रोत्थान व सांस्कृतिक पुनःजागरण के प्रति मार्गदर्शन करता रहेगा।

# रायपुर पुलिस द्वारा 25000/- रुपए के इनामिया अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र। थाना रायपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-65/2025 धारा- 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशुक्रुरता अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त अमीरुद्दीन अंसारी पुत्र इमामुद्दीन अंसारी निवासी ग्राम टोड़ी थाना भगवानपुर भभुआ (कैमूर) बिहार उम्र करीब 30 वर्ष लगातार फरार चल रहा था जिसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा 25000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था ।उपरोक्त अभियुक्ता की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा पुलिस टीम को विशेष निर्देश दिये गये ।जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में आज दिनांक-21.08.2025 को थाना रायपुर पुलिस व थाना पन्नूगंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर सुअरसोत बॉर्डर के पास से वांछित/फरार 25000/- रुपये के पुरस्कार घोषित अभियुक्त अमीरुद्दीन अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया ।

# अनपरा पुलिस ने 01 किग्रा 500 ग्राम गांजा के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु व मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त गिरोह के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.08.2025 को थाना अनपरा पुलिस ने बैंकट मोड़ रेनूसागर के पास से अभियुक्त लालबाबू पुत्र राजेंद्र गुप्ता निवासी बिना रोड परासी थाना अनपरा सोनभद्र के कब्जे से 01 किग्रा 500 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया ।इस बरामदगी एवं गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना अनपरा पर मु0अ0सं० 133/25 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# राबट्र्सगंज पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर कब्जे से गांजा किया बरामद



**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अशोक कुमार मीणा के कुशल निर्देशन में जनपद में अवैध रुप से मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सोनभद्र व क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व/पर्यवेक्षण में थाना राबट्र्सगंज पुलिस द्वारा दिनांक 20.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर परासीमोड़ व पवर तिराहे के मोड़ पर स्थित पुलिया के पास से एक नफर गांजा तस्कर सैफ खान पुत्र मोहम्मद रफीक उम्र करीब 24 वर्ष निवासी धर्मशाला रोड ब्रम्हनगर चौथी गली थाना राबर्टसगंज सोनभद्र के पास से 04 किलो 780 ग्राम अवैध गांजा बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त बरामदगी व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 0857/2025 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

# मारपीट और एससी एसटी ऐक्ट का मुकदमा दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

नसीराबाद, रायबरेली। मामूली बात को लेकर बुधवार की शाम लगभग चार बजे नसीराबाद थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी परैया नमकसार से चंद कदम दूरी पर मोटरसाइकिल खड़ी करने को लेकर दो युवकों में विवाद हो गया। गुरुवार को राजेंद्र पासी पुत्र रामसेवक निवासी छोटी ओलीपुर मजरे संडहा ने थाने में तहरीर दी कि उसने परैया नमकसार चौराहा पर एक दुकान के सामने मोटर साइकिल खड़ी की थी,जिसके बगल में मनोज पुत्र देवराज निवासी ग्राम पूरे कछवाहन मजरे परैया नमकसार ने अपनी बाइक खड़ी कर दी। मना करने पर उसने और उसके साथी गोलू पुत्र राजेंद्र निवासी परैया नमकसार ने उसे जाति सूचक भद्दी भद्दी गालियां देते हुए बुरी तरह मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। प्रभारी निरीक्षक बालेंदु गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर एससी एसटी एक्ट और बी एन एस की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# दोषी सुरेश को 5 वर्ष की कठोर कैद

**–5 हजार रुपए अर्थदंड, न देने पर 15 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।**

**–जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी।**

**–अर्थदंड की धनराशि में से 3 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।**

**–करीब सवा सात वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। करीब सवा सात वर्ष पूर्व नाबालिग लड़की के अपहरण के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी सुरेश को 5 वर्ष की कठोर कैद एवं 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 3 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी थाना क्षेत्र स्थित एक गांव निवासी पीड़िता के पिता ने 16 मई 2018 को दुद्धी थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 12 मई 2018 को रात 9 बजे उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी शौच के लिए गई थी, लेकिन वह वापस नहीं आई। जब उसका पता लगाया तो पता चला कि दुद्धी थाना क्षेत्र के सरडिहा गांव निवासी सुरेश पुत्र भगवान दास बहला फुसलाकर उसकी नाबालिग बेटी को भगाकर ले गया है।जब सुरेश के घर जाकर पता किया तो उसकी पत्नी ने बताया कि घर पर नही है।सुरेश को कई बार घर के आसपास मंडराते हुए देखा गया है, लेकिन उसकी घटिया हरकत से वाकिफ नहीं था। आवश्यक कर्रवाई करें। इस तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दिया और पर्याप्त सबूत मिलने पर कोर्ट में सुरेश के विरूद्ध चार्जशीट विवेचक ने दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 10 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर अपहरण के दोषी सुरेश को 5 वर्ष की कठोर कैद एवं 5 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 15 दिन की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 3 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर ले सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# ओबरा पुलिस द्वारा काफी दिनों से फरार चल रहे 03 वारण्टियों को ओबरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र ।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम में फरार चल रहे व पुरस्कार घोषित अपराधियों तथा वांछित वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 21.08.2025 को काफी समय से फरार चल रहे वारण्टी/अभियुक्तगण सम्बन्धित मु0नं0-3701/23 धारा 379, 411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त छोटू कुमार पुत्र रामनिवास निवासी बिल्ली तीन हटवा टोला, थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, मु0नं0-96/2014 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त आफताफ आलम पुत्र बेचन अली निवासी चोपन रोड बैरियर के पास थाना ओबरा जनपद सोनभद्र व मु0नं0 696/2023 धारा 307 भादवि व 3/25 आर्म एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त बादल पुत्र राजेन्द्र साहनी निवासी मालवीय नगर झरियानाला थाना ओबरा जनपद सोनभद्र मा0न्यायालय में उपस्थित नही हो रहा था जिसके सम्बन्ध में माननीय न्यायालय द्वारा एनबीडब्लू निर्गत की गयी थी जिसकी कई दिनों से पुलिस द्वारा तलाश की जा रही थी कि आज दिनांक 21.08.2025 को मुखबिर की सूचना पर भिन्न-भिन्न स्थानो व भिन्न-भिन्न समय पर थाना ओबरा पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय भेजा गया ।

# साइबर थाना सोनभद्र द्वारा राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज में चलाया गया विशेष साइबर जागरूकता अभियान

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर के आदेश के अनुपालन में तथा पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में साइबर अपराध के विरुद्ध जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आज दिनांक 21.08.2025 को साइबर क्राइम थाना सोनभद्र द्वारा राजा शारदा महेश इंटर कॉलेज, रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में एक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का नेतृत्व साइबर थाना सोनभद्र के प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय द्वारा किया गया। उनके साथ हेड कांस्टेबल शिवनन्दन सिंह, कम्प्यूटर आपरेटर विकास मौर्या तथा महिला कांस्टेबल शारदा की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, समस्त शिक्षकगण, स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### प्रमुख विषय एवं जानकारी:

प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय ने उपस्थित विद्यार्थियों को डिजिटल अरेस्ट, फेक लोन एप्स, नकली ऑफर्स, गेम खेलकर पैसे कमाने वाले जाल, फर्जी निवेश और शेयर मार्केटिंग स्कीम्स जैसी घटनाओं की वास्तविकता बताई और उनसे बचने के व्यावहारिक उपाय सुझाए।

हेड कांस्टेबल शिवनन्दन सिंह एवं कांस्टेबल विकास मौर्या द्वारा सोशल मीडिया फ्रॉड (जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि), फर्जी UPI ID, QR कोड स्कैम, और अज्ञात लिंक्स के माध्यम से होने वाले साइबर अपराधों की विस्तृत जानकारी दी गई।

महिला कांस्टेबल शारदा ने सैक्सटॉर्शन जैसे गंभीर साइबर अपराधों पर प्रकाश डाला तथा इससे बचने और साइबर अपराध की शिकायत दर्ज कराने के लिए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और वेबसाइट www.cybercrime.gov.in के प्रयोग की सलाह दी।

### कार्यक्रम का उद्देश्य:

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को डिजिटल दुनिया के खतरों से अवगत कराना एवं उन्हें सुरक्षित इंटरनेट उपयोग की दिशा में मार्गदर्शन देना था। विद्यार्थियों में साइबर सुरक्षा को लेकर जबरदस्त उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली।

### निष्कर्ष:

इस प्रकार के जन-जागरूकता अभियान से समाज के युवा वर्ग को साइबर अपराध के प्रति सजग कर उन्हें डिजिटल नागरिकता के लिए तैयार किया जा रहा है।साइबर थाना सोनभद्र की यह पहल निश्चित ही भविष्य में साइबर अपराधों की रोकथाम में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

# नगर में विकास का दौर थमा, नगर पंचायत इन दिनों चर्चाओं में

**अमन लेखनी समाचार**

डाला/सोनभद्र। नगर पंचायत के अध्यक्ष की उदासीन उदासीनता के कारण नगर पंचायत बे पटरी पर दिख रहा है नगर की साफ सफाई को लेकर लगातार नगर की जनता अधिशासी अधिकारी से शिकायत कर रही है जिसको लेकर अधिशासी अधिकारी हर वार्डो का भौतिक जायजा लेकर समस्याओं को दूर करने का आश्वासन तो दे रहे हैं लेकिन इसके बावजूद भी नगर के कई कई वार्ड मे गंदगी का अम्बार लगा हुआ है सूत्रों की माने तो अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी में काफी खींचातानी का माहौल सुनने को मिल रहा है नगर पंचायत डाला बाजार में कभी अध्यक्षा और सभासदों के बीच खींचातानी देखने को मिलती है जिसको लेकर सभासद जिलाधिकारी महोदय को अपनी शिकायत दर्ज कराते नजर आते हैं। वह स्थिति आज फिर देखने को मिल रही है सूत्रों के मुताबिक अध्यक्षा और अधिशासी अधिकारी में अध्यक्षा के करीबियों के काम में गुणवत्ता को लेकर अधिशासी अधिकारी ने नगर पंचायत के ठेकेदारों को खरी खोटी सुनाई। जिसको लेकर अध्यक्ष की नाराजगी अधिशासी अधिकारी को देखनी पड रही है वहीं विकास कार्य ठप है और सभासदों ने बताया की लगभग ढाई वर्ष का संचालन नगर पंचायत का बीत चुका है जिसमें मात्र 6 बैठक हुई है। सभासदों ने बताया कि नगर के विकास के लिए बोर्ड बैठक की मांग लगातार 6 माह से की जा रही है। लेकिन बोर्ड बैठक की मांग को नगर अध्यक्षा द्वारा स्वीकृति नहि दी जा रही है। और सभासदों ने बताया कि हम लोगों ने ढाई वर्षो का हिसाब किताब भी मांगा है अभी तक अध्यक्षा द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया और ना ही कराने की मंशा दिख रही है। पूर्व में हुई बैठक का भत्ता भी हम लोगों को नही दिया गया। ऐसी स्थिति में अध्यक्षा की उदासीनता नगर के विकास को रोक रही है । नगरवासियों द्वारा मांग की गई कि नगर के कार्यों की उच्च स्तरीय जांच नितांत आवश्यक है। जिसके बाद जमीदारों पर कार्यवाही हो सके।

# फर्जी तरीके से वसियत बनवा कर जमीन हड़पने की पिता पुत्र की कोसिस

**अमन लेखनी समाचार**

सोनभद्र चोपन। थाना क्षेत्र के बघनार गांव में पैतृक जमीन को अवैध रूप से हड़पने के लिए वसीयत और अन्य दस्तावेजों में कथित रूप से जालसाजी करने के आरोप में पिता और पुत्र सहित चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता संतोष कुमार सिंह द्वारा दर्ज कराई गई थी, जिन्होंने कहा था कि उनकी दादी का देहांत 2008 में हो गया था, लेकिन उनके भतीजे ने 2008 में एक अन्य महिला का उपयोग करके मृतक के रूप में एक जाली वसीयत पंजीकृत कराई थी। फर्जी परिवार रजिस्टर और मृत्यु प्रमाण पत्र सहित जाली दस्तावेजों का उपयोग तहसील और भूमि चकबंदी अदालतों में मामले दायर करने के लिए किया गया था, लेकिन बाद में जांच में यह पता चलने पर कि दस्तावेज फर्जी थे, इन्हें खारिज कर दिया गया।

# समाज सेवी ज्ञानेश्वर श्रीवास्तव की मांग का पूर्ण समर्थन - राकेश शरण मिश्र

**संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष ने इस हेतु जिलाधिकारी को लिखा पत्र**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष समाज सेवी राकेश शरण मिश्र ने सोनभद्र विकास मंच के अध्यक्ष मान्यता प्राप्त पत्रकार रहे समाजसेवी ज्ञानेश्वर श्रीवास्तव द्वारा कई वर्षों से राबट्र्सगंज शहर के पुराने चिकित्सालय परिसर मे 24 घंटे चिकित्सालय चलाने की मांग का पूर्ण समर्थन किया है। श्री मिश्र ने कहा है कि जनहित की अति आवश्यक मांग को लेकर वर्ष 2010 में उनके द्वारा भुखहड़ताल किया गया था जिसका संज्ञान लेकर जिला प्रशासन द्वारा इस मांग को जल्द पूरा करने का लिखित आश्वासन भी दिया गया था परंतु यह मांग आज तक पूरी नहीं हुई जिसको लेकर गम्भीर रूप से स्वस्थ चल रहे ज्ञानेश्वर श्रीवास्वत द्वारा एक बार फिर 24 अगस्त को नगर स्थित पुराने जिला चिकित्सालय पर भुख हड़ताल किया जाएगा जिसका पूर्ण समर्थन किया जाएगा और जन हित के मुद्दे पर उनके हर आंदोलन में संयुक्त अधिवक्ता महासंघ साथ रहेगा। श्री मिश्र ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर जिला प्रशासन से अपील किया है कि सोनभद्र विकास मंच के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर श्रीवास्तव द्वारा उठाए गए जन हित के सभी मुद्दों का जल्द से जल्द संज्ञान लेकर उसका समाधान करते हुए आमजन को राहत दें।

# अमेठी में सक्रिय फर्जी फेसबुक आईडी, चुनावी माहौल में फैलाई जा रही अफवाहें

**अमन लेखनी समाचार**

जगदीशपुर (अमेठी)। अमेठी और जगदीशपुर क्षेत्र में इन दिनों सोशल मीडिया पर कई फर्जी फेसबुक आईडी सक्रिय हो गई हैं, जो लोगों पर झूठे और निराधार आरोप लगाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रही हैं। इनमें दूध का दूध पानी का पानी और आपकी आवाज जगदीशपुर नाम से चल रही आईडी विशेष रूप से चर्चा में हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इन आईडी के माध्यम से न केवल लोगों की छवि धूमिल की जा रही है बल्कि ग्राम प्रधानी चुनाव को देखते हुए एक-दूसरे पर कटाक्ष और भ्रामक आरोप लगाए जा रहे हैं।इससे क्षेत्र का सामाजिक वातावरण खराब हो रहा है और विवाद की आशंका भी बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार, ऐसी फर्जी आईडी केवल यही नहीं हैं बल्कि कई अन्य भी सक्रिय बताई जा रही हैं। नागरिकों का मानना है कि यदि इस पर तुरंत नियंत्रण नहीं किया गया तो भविष्य में यह प्रवृत्ति कानून-व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। लोगों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इन फर्जी आईडी की जांच कराई जाए और दोषियों पर आईटी एक्ट व मानहानि की धाराओं के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाए।

**अमन लेखनी**
**(हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

**सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह**

**समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह**

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

**मो. – 9838159555, 9935457982**

**E-mail address amanlekhaninews@gmail.com**

